हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025






विनीत : मेघराज साहू (अध्यक्ष) एवं समस्त पदाधिकारीगण शहर जिला साहू संघ रायपुर

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 21 दिसंबर 2025


जिले के पांच सहित प्रदेश में 15 संस्थानों को मिला एनालॉग पनीर बनाने का लाइसेंस

# एनालॉग पनीर के लिए प्रशासन ने जारी किए 15 लाइसेंस, अब छापेमारी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आए दिन प्रदेश में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा एनालॉग पनीर की जब्ती पर सवाल खड़े होने लगे हैं। कंपनियों को एफएसएसएआई पनीर बनाने लाइसेंस जारी कर रहा है और उनकी टीम छापेमारी कर उसकी जब्ती की कार्रवाई कर रही है। एनालॉग पनीर बनाने रायपुर जिले में 5 और प्रदेश में लगभग 15 संस्थान काम कर रहे हैं। स्थानीय व्यापारियों का तर्क है कि एनालॉग अगर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, तो किस्तों में कार्रवाई करने के बजाए इसका निर्माण पूरा बंद करवा देना चाहिए।

## स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तो किस्तों में कार्रवाई के बजाय निर्माण बंद कराने की जरूरत




वैवाहिक सीजन और नए साल के मद्देनजर डेयरी, मिठाई दुकानों में ताबड़तोड़ छापेमारी

मुंह मीठा कीजिए, पर संभलकर...मिठाइयों के साथ फिर एनालॉग पनीर का पहाड़ मिला

### मिल्क पावडर और पाम ऑयल से निर्माण

*सामान्य पनीर का निर्माण दूध और नीबू से किया जाता है। एनालॉग बनाने के लिए मिल्क पावडर, पाम ऑयल जैसी सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। असली पनीर की तुलना में इसकी कीमत आधी से भी कम होती है। इसकी वजह से बड़े आयोजनों और व्यापारिक संस्थानों में इसका उपयोग किया जाता है। कुछ समय पहले एफएसएसएआई द्वारा असली और एनालॉग पनीर में फर्क बताने के लिए नियम बनाया गया था। इसके तहत एनालॉग पनीर के पैकेट में इसका डेयरी प्रोडक्ट नहीं होने का उल्लेख किया जाना है। इसके साथ ही इसका उपयोग करने वाले कारोबारियों को भी अपने ग्राहकों को इस बात से अवगत कराना अनिवार्य है कि उसे परोसा जाने वाला खाद्य पदार्थ एनालॉग पनीर है।*

जानकारों का कहना है कि जब्ती कार्रवाई तब की जाती है, जब दो बार की जांच में कोई वस्तु अमानक मिलती है। विभागीय टीम ने कार्रवाई के चक्कर में सैंपल रिपोर्ट के बिना ही पनीर की जब्ती बना डाली। दावा है कि एनालॉग का निर्माण एफएसएसएआई के मानकों के अनुसार किया जा रहा था और बिक्री वाली पैकिंग में भी इसका उल्लेख था। सबसे बड़ा सवाल यह भी उठाया गया है कि जब विभाग ही इसके निर्माण के लिए लाइसेंस जारी करता है, तो विभागीय टीम उसे जब्त करने की कार्रवाई क्यों करती है, जबकि लाइसेंस जारी करने के पहले विभागीय टीम बाकायदा तय मानकों का निरीक्षण करती है। एफडीए की इस तरह ▶▶| शेष पेज 17 पर

फैक्ट फाइल

### जब्ती लेकिन सैंपल का पता नहीं

*खाद्य एवं औषधि प्रशासन इसके पहले भी कई ठिकानों में छापामारी कर एनालॉग पनीर जब्त कर चुका है। कार्रवाई के दौरान उनके सैंपल लेकर भी जांच के लिए भेजे जाने का दावा किया गया था। छापेमारी का खुलासा तो किया गया, मगर इस बात को कभी सार्वजनिक नहीं किया गया कि उनके द्वारा लिए गए सैंपल की रिपोर्ट मानक थी अथवा अमानक। इस मामले में संबंधित संस्थानों के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई की गई। पांच दिन पहले रायपुर जिले में करीब 49 सौ किलो एनालॉग पनीर जब्त किया गया, मगर संस्थाओं को सीलबंद करने की कार्रवाई नहीं की गई।*

### स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

*आंबेडकर अस्पताल के सीएमओ डा. विनय वर्मा के मुताबिक एनालॉग पनीर खाना सेहत के लिए कई तरीकों से नुकसानदायक होता है। इस पनीर में सैचुरेटेड फैट की अधिक मात्रा होती है, जो आगे चलकर हार्ट से जुड़ी समस्याओं का कारण बन सकता है। इसमें पाम ऑयल होता है, जिसे ज्यादा खाने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। इससे कब्ज, अपच और डायरिया की समस्या हो सकती है। कई बार इसे ज्यादा खाना लिवर और किडनी से जुड़ी समस्याओं का कारण भी बन सकता है।*

### नियमों के अनुसार कर रहे छापेमारी

*एनालाग पनीर के लिए लाइसेंस नियमानुसार जारी किए जाते हैं। उन्हें तय मानकों के आधार पर एनालाग पनीर बनाने की अनुमति है। लेकिन जो छापेमारी की जा रही है वह गंदगी या मानकों को पूरा नहीं करने की शिकायतों के आधार की गई है। भविष्य में एफएसएसएआई एनालाग पनीर पर विस्तृत दिशानिर्देश जारी करेगी। संभव है भविष्य में एनालाग पनीर पर बड़ा निर्णय लिया जाए।*

*दीपक अग्रवाल, नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन*

---

## खबर संक्षेप

### रात में ठंड, सुबह धुंध रायपुर, बिलासपुर छोड़ न्यूनतम पारा 10 के नीचे

**रायपुर।** रात में ठंड और सुबह धुंध के असर से समूचा छत्तीसगढ़ प्रभावित है। वर्तमान में बिलासपुर और रायपुर को छोड़कर सारे क्षेत्रों का तापमान दस डिग्री से नीचे जा चुका है।



सर्वाधिक प्रभावित अंबिकापुर इलाका है और आने वाले दिनों में स्थिति यथावत रहने की संभावना है। सुबह की धुंध इतनी जोरदार है कि सरगुजा संभाग के कई इलाकों में सुबह होने के बाद भी विजिबलिटी प्रभावित है। रायपुर समेत अन्य इलाकों में भी धुंध का प्रभाव नजर आ रहा है। इसके साथ रात में पड़ने वाली ठंड भी जमकर असर दिखा रही है। वर्तमान में प्रदेश का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा चुका है और उसमें अभी बढ़ोतरी होने की संभावना ना के बराबर है। पिछले चौबीस घंटे में ठंड का सर्वाधिक असर अंबिकापुर इलाके में नजर आया और रायपुर में इसका मध्यम प्रभाव रहा है। अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 5.2 डिग्री दर्ज किया गया और रायपुर का पारा 13 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### आज भी नहीं आई दिल्ली फ्लाइट

**रायपुर।** दिल्ली से उड़ान भरकर सुबह 8.25 बजे रायपुर आने वाली एयर इंडिया की दिल्ली फ्लाइट का संचालन शनिवार को भी नहीं हुआ, जबकि अन्य फ्लाइट अपने निर्धारित समय से कुछ विलंब से रायपुर आईं। इसी तरह मुंबई की फ्लाइट करीब डेढ़ घंटे, कोलकाता और गोवा की फ्लाइट घंटेभर विलंब से रायपुर पहुंची।

---

## एसआईआर का हाल

**22 जनवरी तक दावा-आपत्ति, 21 फरवरी को सूची का अंतिम प्रकाशन**

**23 को ड्राफ्ट का प्रकाशन, जिनके अधूरे फार्म, उनसे मांगे जाएंगे दस्तावेज**

# 5 लाख लापता, 6 लाख की मृत्यु, 27.5 लाख मतदाताओं का सत्यापन नहीं, डेढ़ लाख डुप्लिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य में दो करोड़ 12 लाख से अधिक मतदाताओं का पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत सत्यापन में यह बात सामने आई है कि 27 लाख 50 हजार 822 नाम सत्यापित नहीं हुए। 14 लाख 26 हजार 212 मतदाता दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं। 1 लाख 71 हजार 212 मतदाता डुप्लिकेट पाए गए हैं। 4 लाख 98 हजार 291 मतदाता लापता पाए गए। 6,40,115 मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है। पुनरीक्षण के दौरान जिन मतदाताओं की मृत्यु हुई है, उनका नाम मतदाता सूची से हटेगा। छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी किए गए निर्देश पर मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को होगा। ड्राफ्ट जारी होने के बाद 22 जनवरी तक दावा और आपत्ति ▶▶| शेष पेज 17 पर


एसआईआर का पहला चरण पूर्ण, 23 को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन

अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत मतदाताओं की सूची अपलोड होगी

### मतदाता इन माध्यमों से आवेदन कर सकते हैं

*वोटर पोर्टल या ईसीनेट मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन, बीएलओ के पास ऑफलाइन माध्यम से, यदि किसी का नाम प्रारूप निर्वाचक सूची में जुड़ा नहीं हुआ है, तो निर्वाचक सूची में नाम जोड़ने के घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 6 में आवेदन करना है। यदि गलती से सूची में पंजीकृत हो गया है, तो नाम हटाने या* ▶▶| शेष पेज 17 पर

### ये है नियम, देनी होगी ये जानकारी

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के नियम के अनुसार यदि किसी मतदाता के सम्बन्ध में गणना प्रपत्र में दिए गए पिछले एसआईआर निर्वाचक नामावली के विवरण नहीं हैं या डेटाबेस से मेल नहीं खाते हैं, तो मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ऐसे मतदाताओं को नोटिस देंगे। अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से नोटिस प्राप्त होने पर मतदाता को अलग-अलग श्रेणियों के अनुसार आवश्यक दस्तावेज देना होगा। यदि जन्म 1 जुलाई 1987 से पहले भारत में हुआ है, तो उसे अपनी जन्म तिथि और स्थान का प्रमाणपत्र देना होगा। यदि जन्म 1 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच भारत में हुआ है, तो वे आयोग की सूची में से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करें, जो जन्म तिथि और जन्म स्थान प्रमाणित करता हो। यदि जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद भारत में हुआ है, तो ▶▶| शेष पेज 17 पर

---

**नकली दवा मामले का संदेही भी**

# सारंगढ़ के कारोबारी के घर अवैध गोदाम, 50 लाख की दवाइयां बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोगांव के ट्रांसपोर्ट में मिली नकली दवा के मामले में सारंगढ़ तक पहुंची औषधि निरीक्षकों की टीम ने सरस्वती मेडिकल स्टोर्स के संचालक के घर छापेमारी कर करीब पचास लाख की दवाएं बरामद की हैं। कारोबारी ने घर को दवा का अवैध गोदाम बना रखा था। ज्यादातर दवा पेनकिलर, कफ सिरप, सर्दी-जुकाम की होने के साथ जेनेरिक है। दवा कारोबारी नकली दवा के मामले में संदेही भी है।

शनिवार को रायपुर के साथ रायगढ़ के खाद्य निरीक्षकों की टीम ने सारंगढ़ के दवा कारोबारी खेमराम ▶▶| शेष पेज 17 पर

### इंदौर तक जाएगी टीम

*खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल के निर्देश पर रायपुर जिले के सहायक नियंत्रक संजय नेताम, टेकचंद धिरहे के साथ रायगढ़ के विजय राठौर और अंकित राठौर, सविता रानी साय की टीम ने छापा मारा था। नकली दवा के मामले की जांच के लिए विशेष टीम बनाई गई है जो जांच के लिए इंदौर जाने वाली है। संभवतः जांच का दायरा हिमाचल और चेन्नई तक पहुंच सकता है।*

---

## जंजीर से बंधी ट्रेन



**रायपुर।** रेलवे स्टेशन में खड़े निरीक्षण यान के पहिए को सुरक्षा कारणों से जंजीर से बांधकर रखा गया है। ढलान वाले ट्रैक पर वाहन के लुढ़कने की आशंका रहती है। लंबे समय तक खड़े रहने या तकनीकी कारणों से हैंड ब्रेक कमजोर हो सकता है। ऐसे में अचानक मूवमेंट रोकने के लिए रेलवे प्रशासन ने सेफ्टी प्रोटोकॉल के तहत जंजीर से पहिए को सुरक्षित किया है।




---

# गांजा पकड़ने गई पुलिस को आरोपी के झोले में मिला गोह, नपुंसकता की दवाओं में इस्तेमाल का शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुखबिर की सूचना पर गांजा पकड़ने गई पुलिस उस समय हैरत में पड़ गई जब आरोपी के झोले में गांजे के साथ एक जोड़ा मॉनिटर लिजार्ड (गोह) सांप निकला। घटना आरंग थाना क्षेत्र की है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने पांच किलो गांजा के साथ नगदी 1.27 लाख रुपए दो नग मॉनिटर लिज़ार्ड जब्त की है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस तथा वन्यजीव अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने गांजा तस्करी तथा अवैध रूप से मॉनिटर लिज़ार्ड रखने के आरोप में तेलीबंधा निवासी हुकूमत साहू को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक स्कूटी से



गांजा लेकर आरंग क्षेत्र में खपाने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर इंदिरा चौक के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान संदिग्ध रूप से स्कूटी चला रहे व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में गांजा, कैश और वन्य जीव बरामद किया गया। ▶▶| शेष पेज 17 पर

### हत्या सहित एक दर्जन अपराध

हुकूमत आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ हत्या, मारपीट सहित करीब 15 आपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज हैं। बताया जा रहा है हुकूमत हाल के दिनों में जेल से छूटकर आने के बाद गांजा तस्करी सहित अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है।

### किसी को नहीं पहुंचाती नुकसान

विशेषज्ञों के अनुसार गोह के लिए भ्रम है कि ये जहरीली होती है। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है यह किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाती है और न ही इसके काटने से किसी की मौत हो सकती है। इसमें किसी भी तरह का कोई भी जहर नहीं होता है।

### शेड्यूल-1 प्रजाति का जीव

मॉनिटर लिजर्ड, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 में शामिल हैं। यानी इनका शिकार, खरीद-फरोख्त या इनके अंगों का रखना गंभीर अपराध है। इस प्रजाति के वन्यजीव को रखने के साथ देश तथा अंतरराष्ट्रीय व्यापार पूरी तरह प्रतिबंधित है।

---

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

---

# माना बाईपास में लूट, धमतरी का तड़ीपार साथी सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| रायपुर

माना पुलिस ने हाइवा ड्राइवर के साथ लूट के आरोप में धमतरी के तड़ीपार बदमाश तथा उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने पांच दिन पूर्व 16 दिसंबर को लूट की घटना की थी। गोपी साहू की शिकायत पर पुलिस ने धमतरी, कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर चेतन मंडावी तथा दुर्ग निवासी हितेश कुमार साहू उर्फ़ हित्तू को गिरफ्तार किया है। गोपी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी की घटना दिनांक को वह रेत लेने राजिम जा रहा था। माना बाईपास के पास गोपी हाइवा के टायर का हवा चेक करने नीचे उतरा। इस दौरान मौक़े से गुजर रहे बाइक सवार बदमाश चेतन और उसके साथी ने गोपी को दबोच लिया। बदमाशों ▶▶| शेष पेज 17 पर

***बदमाशों ने हाइवा चालाक के साथ की थी लूट***

## खबर संक्षेप

### डा. रमन सिंह से ओबीसी मोर्चा महामंत्री ने की भेंट

**धरसींवा/कुंरा।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए धरसींवा के वरिष्ट नेता अशोक सिन्हा जी को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के महामंत्री नियुक्त किया है । इस नियुक्ति से धरसींवा विधान सभा के भाजपा कार्यकर्त्ताओ में हर्ष का माहौल है क्योंकि सिन्हा का छवि क्षेत्र में जुझारू एवं जमीन से जुड़े नेता के रूप में है। नियुक्ति के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के नेतृत्व में अशोक सिन्हा ने पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। सिन्हा जी को नियुक्ति के उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ क्षेत्र के आम नागरिकों में भी हर्ष है इस कारण हर वर्ग के लोग उन्हें बधाई दे रहे है।

### आज सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति की बैठक

**मंदिर हसौद।** सतनामी उत्थान एवं जाग्रति समिति रायपुर छत्तीसगढ़ का बैठक दिनांक 21दिसंबर दिन रविवार को दोपहर 1बजे स्थान न्यू राजेन्द्र नगर गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन रायपुर रखा गया है ।जिसमें आगामी युवक युवती परिचय सम्मेलन के तैयारी के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा किया जावेगा । समिति के अध्यक्ष ने समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपील किया ।

### गुरू दर्शन मेला को लेकर आज बाराडेरा में बैठक

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित बारा डेरा गुरु अमर दास दर्शन मेला जो की 3 जनवरी से आयोजित होने वाले छरछेरा पुन्नी में मेला जो हर वर्ष लगने वाले 3 दिवसीय गुरू दर्शन मेला को लेकर 21 दिसंबर को 12 बजे गुरुद्वारा परिसर में गुरु अमर दास संत संघ समिति द्वारा मेला आयोजन को लेकर बैठक रखा गया है। जिसमें मेला पंथी मंगल भजन सांस्कृतिक कार्यक्रम अन्य विषय पर चर्चा किया जाएगा। वही मेला समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद कुर्रे ने संत समाज को बैठक में सम्मिलित होने की अपील किया।

### घासीदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा व चढ़ाया पालो

**सिलयारी।** धरसीवां ब्लॉक के ग्राम नेऊरडीह में सरपंच पार्वती बंजारे की नेतृत्व में शनिवार को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर गांव में शोभायात्रा निकाली गई इस दौरान जोड़ा जैतखाम में पालो चढ़ाया गया। वहीं रविवार 21 दिसंबर को मड़ाई मेला का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। वहीं रात्रि कालीन में दिलीप राय कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति लोक कला मंच कि मनमोहक प्रस्तुति होगी।

### लुकेश बने भाजयुमो के जिला ग्रामीण महामंत्री

**चंदखुरी।** जनपद पंचायत आरंग के अंतर्गत आने वाले तुलसी निवासी जनपद सदस्य एवं सभापति लुकेश साहू को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) रायपुर जिला (ग्रामीण) का



महामंत्री नियुक्त किया गया है। लुकेश साहू भारतीय जनता पार्टी में पिछले 10 वर्षों से सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत सेवा संगठन के जिला संयोजक अटल स्वच्छता दूत (रायपुर ग्रामीण) के रूप में की थी। इस पद पर रहते हुए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान के साथ-साथ धर्मांतरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता और सेवा कार्यों का नेतृत्व किया। ।

### चरौदा में क्रिकेट 23 से 25 तक

**आरंग।** ग्राम चरौदा में ग्राम पंचायत एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा शीतकालीन अवकाश में बच्चे एवं युवाओं का उत्साहवर्धन के लिए चरौदा प्रीमियर लीग 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम के युवा क्रिकेटर भाग लेंगे। ग्राम के सरपंच देवशरण धीवर ने बताया क्रिकेट को लेकर युवाओं और ग्रामीणों में गजब का उत्साह है।

### कार्यक्रम में यातायात व परिवहन क्षेत्र के कर्मवीरों का सम्मान किया गया

# मानसिक ट्रैफिक के नियंत्रित से बढ़ती है एकाग्रता एवं आत्मविश्वास : प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा






ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय सेवा केंद्र, तिल्दा में शनिवार को सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने 'गति, सुरक्षा, आध्यात्मिकता' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आध्यात्मिकता, एकाग्रता और जिम्मेदारी से वाहन चलाने पर जोर दिया गया, ताकि नशे और तनाव जैसी समस्याओं से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके और एक सुरक्षित समाज बनाया जा सके।इस अवसर पर पुलिस ,रेल विभाग ,परिवहन क्षेत्र से जुड़े कर्मवीरों और आम नागरिको को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का लक्ष्य समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और सभी को सुरक्षित वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करना था, जिससे दुर्घटनाएं कम हों। जिसका उद्देश्य तेज़ गति के युग में सुरक्षा और आध्यात्मिक संतुलन के महत्व को रेखांकित करना था।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। ब्रह्माकुमारीज़ के अनुसार, भय, चिंता और क्रोध जैसी भावनाएँ एकाग्रता को प्रभावित करती हैं; आध्यात्मिक अभ्यास मन को शांत करके सुरक्षित ड्राइविंग में मदद करते हैं।प्रियंका बहन ने 'आत्मा रूपी चालक' द्वारा शरीर रूपी वाहन के संचालन का सुंदर उदाहरण देते हुए मन में उठने वाले विचारों के 'ट्रैफिक' को समझाया। उन्होंने बताया कि राजयोग ध्यान द्वारा इस मानसिक ट्रैफिक को नियंत्रित कर व्यक्ति एकाग्रता और आत्मविश्वास से भरपूर बन सकता है।

उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा सेवा केंद्र को 'मन की चार्जिंग स्टेशन' बताते हुए अल्पकालीन ध्यान का अभ्यास भी कराया, जिसके बाद सभी ने गहरी शांति का अनुभव किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भ्राता सुमन झा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि गति, सुरक्षा और आध्यात्मिकता तीनों का संतुलन ही आज के व्यस्त जीवन की वास्तविक आवश्यकता है।

आरपीएफ प्रमुख पतिराम जानी ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आध्यात्मिकता सभी धर्मों का मूल तत्व है, जो व्यक्ति को अपने कर्मों पर ध्यान देकर उन्हें श्रेष्ठ बनाने की प्रेरणा देती है। यदि व्यक्ति अपने कर्मों को शुद्ध कर ले तो वह आध्यात्मिक ऊँचाइयों को छूकर सुखी एवं सफल जीवन जी सकता है। पीडब्ल्यूआई सीनियर सेक्शन इंजीनियर आर.एन. पटेल ने कहा कि रेलवे में समय के साथ ट्रेनों की गति बढ़ रही है, ऐसे में ट्रैक मेंटेनेंस एवं सुरक्षा से जुड़े कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। अल्ट्राटेक सीमेंट के सीनियर लॉजिस्टिक्स ऑफिसर भ्राता दयाराम यादव ने कहा कि सुरक्षा केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं है, बल्कि घर और समाज में भी उसे अपनाना उतना ही आवश्यक है।

शुभारभ के पहले मंचासीन अतिथियों मुख्य स्टेशन मास्टर तिल्दा भ्राता सुमन झा, पीडब्ल्यूआई सीनियर सेक्शन इंजीनियर तिल्दा भ्राता आर.एन. पटेल, आरपीएफ प्रमुख पतिराम जानी तथा अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के सीनियर लॉजिस्टिक्स ऑफिसर भ्राता दयाराम यादव का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों एवं यातायात व परिवहन क्षेत्र से जुड़े कर्मवीरों का सम्मान संस्था की ओर से सौगात प्रदान कर किया गया। सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों ने सुरक्षित भारत के निर्माण में आध्यात्मिक जीवनशैली के महत्व को स्वीकार करते हुए इसे अपनाने का संकल्प लिया।

# 5 किलो गांजा, दो गोइंहा व 1.27 लाख बरामद एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन निश्चय" के तहत आरंग पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के साथ-साथ अवैध खरीदी-बिक्री में लिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 05 किलोग्राम गांजा, दो नग जंगली जीव गोह (गोइंहा) एवं 1.27 लाख रुपये नगद के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी हरीश साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राइम एवं साइबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। थाना क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा चौक स्थित मोनू ब्रायलर दुकान के पास गांजा बिक्री की फिराक में एक्टिवा वाहन से घूम रहे युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। तलाशी में गांजा, नकदी व जंगली जीव बरामद पकड़े गए युवक ने पूछताछ में अपना नाम हुकुमत साहू, निवासी देवारपारा, तेलीबांधा, रायपुर बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 05 किलोग्राम गांजा (कीमत लगभग 2.50 लाख रुपये), बिक्री की रकम 1,27,260 रुपये नकद, एक झोले में दो नग जंगली जीव गोह (गोइंहा) तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएक्स (कीमत लगभग 4.50 लाख रुपये) जब्त किया गया। नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना आरंग में अपराध क्रमांक 727/25, धारा 20(बी) नारकोटिक एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बरामद दोनों जंगली जीव गोह को नियमानुसार वन विभाग के सुपुर्द किया गया है। 15 आपराधिक मामलों में संलिप्त, आजीवन कारावास भुगत चुका है आरोपी थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी हुकुमत साहू के विरुद्ध थाना तेलीबांधा में हत्या, हत्या का प्रयास, बलवा, नारकोटिक एक्ट, चोरी, नकबजनी, मारपीट सहित कुल 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा भी काट चुका है तथा तेलीबांधा में दर्ज एक नारकोटिक एक्ट के मामले में फरार चल रहा था।

■ ऑपरेशन निश्चय में आरंग पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# खम्हरिया स्कूल की बाल सभा में पालकों की रही सहभागिता

**चंदखुरी।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन रायपुर द्वारा संचालित अभिनव पहल "प्रोजेक्ट आंगन" आंगनबाड़ी केंद्रों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं बच्चों के अनुकूल वातावरण में विकसित करने की दिशा में सार्थक परिणाम दे रही है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में यह पहल आंगनबाड़ी केंद्रों को ECCE गतिविधियों के मॉडल केंद्र के रूप में विकसित करने पर केंद्रित है, जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिल सके। इसी क्रम में आज मंदिर हसौद अंतर्गत सेक्टर भानसोज के ग्राम खम्हरिया में बाल सभा का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विभिन्न खेलों एवं गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से बच्चों की सक्रियता में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली, वहीं अभिभावकों में पोषण एवं ECCE गतिविधियों के प्रति समझ और जागरूकता भी बढ़ी है। बाल सभा के दौरान आयोजित खेल गतिविधियों ने पालकों के बचपन की यादें ताजा कर दीं।

# नगर पालिका अध्यक्ष संदीप ने किया दो शालाओं का निरीक्षण

**आरंग।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने आरंग पालिका क्षेत्र में संचालित 02 शालाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा संचालित नवाचारों एवं गतिविधियों की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान डी-ग्रेड प्राप्त शासकीय प्राथमिक कन्या शाला (पुत्री शाला), सदर रोड, आरंग का निरीक्षण किया गया। यहां द्वितीय तल पर बने जर्जर हो चुके अतिरिक्त कक्ष का मुआयना कर भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना से बचाव हेतु संबंधित अधिकारी को उक्त अतिरिक्त कक्ष को डिस्मेंटल करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात श्री भालूराम शासकीय प्राथमिक शाला, बागेश्वर पारा, आरंग का भी निरीक्षण किया गया। विद्यालय में शौचालय की सुविधा नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को हो रही असुविधा को देखते हुए संबंधित अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान शिक्षण व्यवस्था, कक्षाओं की स्थिति एवं मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु तत्परता एवं समर्पण के साथ कार्य किया जाए। नगर पालिका अध्यक्ष ने बच्चों से आत्मीय संवाद भी किया तथा उन्हें मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन एवं निष्ठा को जीवन में अपनाने तथा अपने लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया।

# गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण की कथा आज से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर



गायत्री शक्ति पीठ ब्लॉक कॉलोनी अभनपुर के तत्वाधान मे नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं वार्षिक संस्कार महोत्सव का आयोजन मंगल कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया वही 21 दिसम्बर को गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण की पावन कथा,दीप महायज्ञ तथा 22 दिसम्बर को गायत्री महायज्ञ ,विभिन्न संस्कार,खाटूश्याम संकीर्तन सभी कार्यक्रम शांतिकुंज हरिद्वार से प्रशिक्षित यज्ञाचार्यो द्वारा सभी संस्कार निशुल्क कराये जायेगे। गायत्री शक्तिपीठ अभनपुर के संस्थापक आरएस चौरसिया ने यज्ञ के संबंध मे चर्चा करते कहा कि यज्ञ को देव संस्कृति का पिता तथा गायत्री को माता कहा गया है यज्ञ के द्वारा शक्तिशाली तत्व वायुमंडम मे जाता है उससे हवा मे घूमते अनेक रोग कीटाणु सहज ही नष्ट हो जाते है,शारीरिक व मानसिक रोग से बचने का यज्ञ एक सामूहिक उपाय है,यज्ञ सुख समृद्धि बढ़ा कर जीवन को सफल बनाता है,भारत के स्वर्णिम काल मे नित्य घर घर यज्ञ किये जाने का उल्लेख ग्रंथ मे मिलता है उसकी महिमा जन जन पहुंचाने के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ व वार्षिक संस्कार महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने नगर व क्षेत्रवासियो को महोत्सव मे शामिल होकर पुण्य अर्जित व जीवन को सुखमय बनाने का आह्वान किया।

# छात्रों के पार्लियामेंट एक्ट में लोकतंत्र हुआ जीवंत



**आरंग।** कृष्णा पब्लिक स्कूल आरंग में कक्षा छठवीं, सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा संसद अभिनय (पार्लियामेंट एक्ट) का प्रभावशाली आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र एवं संसद की कार्यप्रणाली से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना रहा। संसद अभिनय के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह दर्शाया कि देश में किस प्रकार कानूनों पर चर्चा होती है, बहस की जाती है और अंततः निर्णय लिए जाते हैं। इस प्रस्तुति ने लोकतंत्र की कार्यशैली को सरल, रोचक एवं समझने योग्य रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्पीकर, प्रधानमंत्री, मंत्रीगण एवं सांसदों की भूमिकाओं का सजीव अभिनय करते हुए प्रश्नकाल, बहस एवं निर्णय प्रक्रिया को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया। संसद को लोकतंत्र की रीढ़ बताते हुए राष्ट्र के विकास एवं जनकल्याण में इसकी अहम भूमिका को रेखांकित किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में नागरिक बोध, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं अभिव्यक्ति कौशल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिक्षकों ने भी इस प्रकार की गतिविधियों को शिक्षा के साथ जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम को उपस्थित शिक्षकों ने सराहते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एनर्जी फेक्ट्री में भीषण हादसा, एक श्रमिक की मौके पर मौत, 3 हैं गंभीर

**सिलयारी।** औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के फेस वन में स्थित एनर्जी फेक्ट्री में एक बार फिर हादसा हुआ है जिसमें तखतपुर निवासी एक श्रमिक की दर्दनाक मौत ओर तीन अन्य के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी मिली है बढ़ती औद्योगिक घटनाओं पर जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू राजेंद्र बंजारे ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सरकार से सवाल किया है कि औद्योगिक घटनाओं पर कब लगाम लगेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार शाम लगभग पांच बजे की है एनर्जी फेक्ट्री में सडडाउन में पावर प्लांट के पास काम चल रहा था तभी ब्लास्ट हुआ जिससे वहां काम कर रहे चार श्रमिक इसकी चपेट में आकर झुलस गए इस घटना में कृष्णा पूरी गोस्वामी पिता सिद्धेश पूरी गोस्वामी निवासी आजाद पारा तखतपुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो जी एवं तीन अन्य श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए जिन्हें रायपुर के ओम हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है।



# धार्मिक प्रतीकों के अपमान से आक्रोश, कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तिल्दा नेवरा

तिलदा नेवरा के पास के ग्राम भिमोरी में गुरु घासीदास बाबा के मंदिर में सामाजिक तत्वों के द्वारा धार्मिक प्रतीकों का अपमान किया जाने को लेकर सतनामी समाज भारी आक्रोश है ..इस मामले में पुलिस ने शनिवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा की गई शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है।

भीम आर्मी एकता मिशन ने आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग को लेकर 26 दिसंबर को शांतिपूर्वक नेवरा थाना घेराव का ऐलान करते हुए एक लिखित ज्ञापन एसडीएम तिलदा को सौपा गया है ..बताया जाता है कि मंदिर में कुछ सामाजिक तत्वों के द्वारा गाव के गुरु घासीदास बाबा जी के मंदिर में आस्था से जुड़ी धार्मिक प्रतीकों का अपमान करना समुदाय के लिए गहरी ठेस पहुँचाने वाला है । जिस पर सतनामी समाज में गहरी नाराजगी और विरोध देखा जा रहा है . भीम आर्मी एकता मिशन ने कहा कि बाबा समता, सत्य और अहिंसा के प्रतीक हैं, और ऐसे कृत्य उनके सिद्धांतों और अनुयायियों के आस्था पर सीधा हमला है, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है

# अभनपुर साहू समाज के तुलेश बने अध्यक्ष



**अभनपुर।** रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष देवनाथ साहू व कोषाध्यक्ष चंन्द्रशेखर साहू की उपस्थिती मे तहसील साहू समाज अभनपुर की पदाधिकारियो का चुनाव बेलडीह ( गिरोला) सामाजिक भवन मे संपन्न हुआ जिसमे अभनपुर तहसील के 757 मतदाताओ मे से 703 लोगो द्वारा मतदान किया गया। अध्यक्ष पद के लिए तुलेश साहू एवं ब्रम्हानंद साहू चुनाव मे भाग लिये जिसमे तुलेश साहू 437 मत प्राप्त कर जीत हासिल किया वही उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित प्रहलाद साहू,महिला उपाध्यक्ष श्रीमति पुष्पा देवी साहू,संगठन सचिव लोकेश साहू,महिला संगठन सचिव श्रीमति कुंती साहू निर्वाचित हुये है। इस चुनाव मे पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू,प्रवीण साहू मतदान करने पहुंचे थे तथा निर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई दिया। इस अवसर पर विमल साहू,बालमुकुंद साहू,रूपेश साहू,भेखराम साहू,मोहन साहू,यशवंत साहू,चन्द्रहास साहू,पवन गुरूपंच,फतीश साहू,दानी राम साहू,तुलाराम साहू,प्रतीक साहू,घासुराम साहू,देवनंदनी साहू,गीता साहू,नत्थू साहू,टीकमचंद साहू,ह्दयराम साहू,तुलाराम साहू,रवि साहू,राजू तेली,वीरेन्द्र साहू,प्रकाश साहू,रूपनारायण साहू आदि बड़ी संख्या मे साहू समाज के लोग उपस्थित रहे।

### धान खरीदी प्रभावित होने की आशंका

# 14 केंद्रों में 3 चौथाई धान का परिवहन नहीं, बढ़ी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| आरंग

मंदिर हसौद और आरंग सहकारी बैंक शाखा के अधीन आने वाले 14 धान खरीदी केन्द्रों में बीते एक माह में खरीदे गये धान का महज एक ही हिस्सा का अब तक परिवहन हो पाया है और शेष तीन चौथाई हिस्सा परिवहन का बाट जोह रहा है। मंदिर हसौद शाखा के अधीन आने वाले टेकारी धान खरीदी केंद्र में तो परिवहन का बोहनी भी नहीं हो पाया है जहां लगभग 18 हजार क्विंटल धान जाम है वहीं चंदखुरी शाखा के अधीन आने वाले नारा धान खरीदी केंद्र में अब तक खरीदे गये लगभग 25 हजार क्विंटल धान में से महज 200 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है।



इन सभी 14 धान खरीदी केन्द्रों में अब तक खरीदे गये लगभग 2 लाख 25 हजार क्विंटल धान में से महज लगभग 60 हजार क्विंटल धान का ही मिलर्स द्वारा उठाव किया गया है व बचे तकरीबन 1 लाख 65 हजार क्विंटल धान का उठाव बाकी है। इन धान उपार्जन केन्द्रों का जायजा लेने व किसानों से रुबरु होने के बाद किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने जानकारी दी है कि प्रभावी परिवहन न होने पर कई केन्द्रों में देर सबेर खरीदी व्यवस्था लड़खड़ाने की आंशका है तो होने वाले सूखती की वजह से सोसायटियों को आर्थिक क्षति भी होने की संभावना है।

# चोरी की बाइक जब्त नाबालिग गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा।** तिलदा नेवरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक विधि से संघर्षरत बालक को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है, जबकि चोरी की बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया की ने बताया कि ग्राम लखना निवासी मोतीलाल प्रजापति ने 29 अगस्त को थाना तिल्दा नेवरा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटर साइकिल हीरो हौंडा HF डीलक्स क्रं. सीजी 04 डी क्यू ए एक्स 7573 को गर के सामने खड़ा किया था। .सुबह उठने पर मोटर साइकल नही मिली किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर के सामने से चोरी कर लिया है। टीम गठित कर जांच शुरू की गई। मौके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।मुखबिर भी लगाए गए.. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट द्वारा विधि के साथ संघर्षरत 01 बालक को पकड़ा पूछताछ करने पर उसके कब्जे से चोरी की मोटर सायकल हीरो होण्डा एचएफ डीलक्स क्रमांक सी जी 04 डी क्यू 7533 कीमती लगभग 40,000/- रूपये जप्त कर कार्यवाही किया गया।

16

श्रवण बाधित बच्चों ने भावों से रची ताल...

लाइव इवेंट

## मेगा हेल्थ कैंप में बच्चों की सर्दी-खांसी, बुखार और बुजुर्गों के घुटने, कमर दर्द का हो रहा उपचार



रायपुर। आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में मेगा हेल्थ कैंप–2025 के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में मरीजों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ उठाया। शनिवार को एक ही दिन में रिकॉर्ड 17526 मरीजों की विशेषज्ञ डॉक्टरों ने जांच की एवं उपचार किया। इसमें शिशु रोग विभाग में 202 बच्चों की जांच-उपचार किया गया। कैंप में शिशु रोग विभाग के विशेषज्ञ डॉ. कमलेश पटेल ने बताया कि शिविर में 0 से 17 साल तक के बच्चे उपचार कराने पहुंच रहे हैं, जिनमें शिशुओं में कफ कोल्ड, फीवर की समस्या अधिक मिली है, वहीं 6 से 17 साल तक के बच्चों में वॉयरल इंफेक्शन नोटिस हो रहा है। बच्चों की उचित व संपूर्ण जांच और उपचार किया जा रहा है। वहीं हड्डी रोग विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि तीसरे दिन हड्डी रोग विभाग में 200 मरीजों का एग्जामिन किया गया, जिन्हें घुटने, कमर, हाथ के जोड़ों में दर्द की समस्या है। वहीं शिविर में नेत्र रोग, सुपर स्पेशलिटी, सर्जरी, हृदय रोग, मेडिसिन, श्वसन रोग, न्यूरोलॉजी, हड्डी रोग, पेट रोग, शिशु रोग, दंत, आयुर्वेदिक, होम्योपैथी, एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर सहित सभी प्रमुख विभागों में सेवाएं दी जा रही हैं। साथ ही एक्स-रे, सोनोग्राफी, ईसीजी, इको, पैथोलॉजी, स्क्रीन डिटेक्टर, बीपी और शुगर जैसी आधुनिक जांच सुविधाएं भी पूरी तरह निशुल्क हो रही हैं।

### विभागवार इतने मरीजों का उपचार

इन सभी के विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों का उन्नत जांच व उपचार कर रहे हैं। नेत्र रोग 752, सुपर स्पेशलिटी 121, सर्जरी 50, हृदय रोग 25, मेडिसिन 220, श्वसन रोग 40, न्यूरोलॉजी 65, हड्डी रोग 200, पेट रोग 150, एक्स-रे 277, सोनोग्राफी 330, ईसीजी 88, इको 10, आयुर्वेदिक 709, होम्योपैथी 600, एक्यूप्रेशर 325, पैथोलॉजी 941, डेंटल 450, नेत्र 856, फिजियोथेरेपी 450, ब्लड डोनेट 17, शिशु रोग 202, जयपुर फुट 18, कृत्रिम यंत्र 6, श्रवण यंत्र 25, बैसाखी 12, ट्राइसिकल 1, व्हीलचेयर 12, वॉकर 5, बैटरी साइकिल 1, एम्स ओपीडी 320, एक्यूपंक्चर विभाग 82, स्क्रीन डिटेक्टर 72, बालाजी हॉस्पिटल 176, बीपी जांच 5300 और शुगर जांच 4337 रहा। इस प्रकार कुल मिलाकर 17526 मरीजों की जांच हुई। आयोजकों के अनुसार रविवार को आयुर्वेद विभाग में 0 से 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया जाएगा, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बौद्धिक विकास में सहायक माना जाता है। छत्तीसगढ़ सहित पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग शिविर में पहुंच रहे हैं।


अंबुजा मॉल में बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर ने दी लाइव प्रस्तुति, हिट गानों पर जमकर झूमे फैंस

# ये दुनिया पित्तल दी... कनिका के गाने पर खूब झूमे रायपुरियंस





रायपुर। बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर ने शनिवार को अंबुजा मॉल में लाइव प्रस्तुति से रायपुरियंस को जमकर झुमाया। उनके एक से बढ़कर एक गानों पर सब अपनी जगह पर थिरक उठे। लव और रिमिक्स गानों की परफॉर्मेंस ने सबको अपनी तरफ खींचा। कनिका ने 'बेबी डॉल मैं सोने दी' सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और सब उनका साथ देने लगे। कनिका ने एक से बढ़कर एक गीतों से सबको झुमाया। कनिका ने लोगों का उत्साह देखकर उन्हें निराश नहीं किया। तैनू काला चश्मा जंचदा ए... सुबह होने न दे... लत लग गई... तेरा लौंग गवाचा.. आशिक बनाया...बिजली-बिजली...गुलाबी आंखें... अंबर सरिया... कजरा मोहब्बत वाला... झुमका गिरा रे जैसे गीतों को पेश कर उन्होंने सभी का दिल जीत लिया।





### रॉक सांग्स से लेकर रीमिक्स की लाइव प्रस्तुति

*लाइव प्रस्तुति के दौरान कनिका ने जब बीट पे बूटी, देसी लुक सरीखे गानों के सुर छेड़े तो तालियां और सीटी की हूटिंग के बीच वन्स मोर से पूरा माहौल गूंजता रहा। इसके बाद शुरू हुआ रीमिक्स गानों का सिलसिला। मैनू काला चश्मा, अम्बर सरिया मीठे बोल, कजरा मोहब्बत वाला, झुमका गिरा रे बरेली के बाजार में, गुलाबी आंखें जो तेरी देखी, ले के पहला-पहला प्यार, जैसे लहरा के तू...मेरे रश्के कमर, दिल में बड़ी आग से होते हुए पूरा लंदन ठुमकदा तक पहुंचाया। फिल्म कॉकटेल के गाने जुगनी जी से कनिका कपूर से सभी वर्गों को झूमने पर मजबूर कर दिया।*



### चिटियां कलाइयां वे

'चिटियां कलाइयां वे'' गाने के साथ जब कनिका ने मंच संभाला तो बेसब्री से इंतजार कर रहे श्रोताओं ने शोर मचाकर उनका भव्य स्वागत किया। श्रोताओं के जोश को देखकर कनिका भी उत्साहित हो गईं और बिना रुके लगातार एक के बाद एक हिट गानों की प्रस्तुति शुरू कर दी। साड्डी गली...मैनू यार ना मिले ते मर जावां... हाई हील ते नच्चे... देसी गर्ल.. लंदन ठुमकदा सुनने के बाद जैसे ही उन्होंने बेबी डॉल मैं सोने दी... सुनाया, युवा खड़े होकर झूमने लगे और उनका साथ देने लगे।

### बचपन में जो सीखा, वही आज मेरे सबसे ज्यादा काम आ रहा

बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर शनिवार को राजधानी रायपुर पहुंचीं, जहां उन्होंने अंबुजा मॉल में लाइव प्रस्तुति दी। इस मौके पर हरिभूमि से खास बातचीत में उन्होंने अपने सिंगिंग कॅरियर और अनुभवों को साझा किया। कनिका कपूर ने बताया कि उन्होंने जिन-जिन एक्ट्रेस के लिए गाना गाया है। वो सभी गाने लकी और सुपरहिट साबित हुए हैं। अपने कॅरियर के शुरुआती दौर को याद करते हुए उन्होंने कहा, जब मैंने 'बेबी डॉल' गाना गाया, उस वक्त मेरी जिंदगी बहुत मुश्किल दौर से गुजर रही थी। उसी दिन मैंने पहली बार भगवान से शिकायत की कि ये सब क्यों हो रहा है? शायद उसी दिन मेरी दुआ सुन ली गई और मेरी पूरी लाइफ बदल गई। कनिका कपूर ने जीवन के संघर्ष पर बात करते हुए कहा, हम सबकी लाइफ में स्ट्रगल है, किसी की जिंदगी आसान नहीं होती। जो कुछ भी हमारे पास है, वही बहुत है। अपने फैशन और स्टाइल को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें कम्फर्ट ज्यादा पसंद है। जो बाजार में मिल रहा है, वो ट्रेंड के हिसाब से होता है, लेकिन मेरी खुद की एक स्टाइल है। कुछ चीजें ट्रेंड को फॉलो करती हैं और कुछ हम खुद ट्रेंड बना देते हैं।

बॉलीवुड सिंगर कनिका कपूर ने साझा किया शुरुआती दौर का संघर्ष

### लाइव सिंगिंग और प्लेबैक सिंगिंग दोनों अलग

कॅरियर की शुरुआत में लाइव सिंगिंग का ज्यादा अनुभव नहीं था, इसलिए स्टेज पर थोड़ा डर लगता था, लेकिन धीरे-धीरे सीखा कि लाइव सिंगिंग और प्लेबैक सिंगिंग दोनों अलग हैं, फिर भी दोनों मुझे बच्चों की तरह प्यारे लगते हैं। मेहनत बेहद जरूरी है। हम बचपन में जो रियाज करते थे, वही सालों बाद भी हमारी ताकत बनता है। मैंने 11–12 साल की उम्र में जो सीखा, वो आज भी काम आ रहा है। आज सब्र के साथ संगीत सिखाने वाले बहुत कम लोग हैं, लेकिन जो जितनी ईमानदारी और निरंतरता से प्रैक्टिस करेगा, सफलता उतनी ही ज्यादा करीब होगी।

## रोटरी ग्रैंड फिनाले में 100 से अधिक क्लबों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

**रायपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट के गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल व डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रोटे. पल्लवी जायसवाल के नेतृत्व में रोटरी डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस का शुभारंभ किया। इस दौरान छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विवेक तन्खा (राज्यसभा सांसद) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रोटरी के 100 से अधिक क्लब अध्यक्षों द्वारा पूर्व प्रांतपाल नटराजन नागोजी, इलेक्शन ऑब्जर्वर के निर्देशन में अपना नया डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (रोटरी वर्ष 28-29) के लिए मतदान किया गया। चुनाव का रिजल्ट आज घोषित किया जाएगा। प्रख्यात प्रेरक वक्ता सोनू शर्मा के प्रेरक उद्बोधन का 1000 से अधिक उपस्थित रोटेरियन ने लाभ लिया। कार्यक्रम के दौरान रेथम ऑफ रोटरी के ग्रांड फिनाले में देश के विभिन्न प्रांतों के 100 अधिक क्लबों के प्रतिभागियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभागार में उपस्थित सदस्यों का मन मोह लिया। रेथम ऑफ रोटरी के विजेताओं की घोषणा 21 दिसंबर को की जाएगी एवं सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा ।



### अगर रिटायर नहीं होना है तो सपने देखना बंद न करें





मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा ने संगम मित्रों की दो दिवसीय रोटरी डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस में अपनी स्पीच में कहा कि इंसान केवल पद, नौकरी या उम्र से रिटायर नहीं होता, बल्कि तब रिटायर होता है, जब वह सपने देखना, सीखना और प्रयास करना छोड़ देता है।

### 1200 से अधिक रोटेरियन का रजिस्ट्रेशन




डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस को सफल बनाने में रोटरी डिस्ट्रिक्ट सेकेट्री रोटे. सोमनाथ अग्रवाल, रोटे. अजित खंडेलवाल, रोटे. सुशील रामदास अग्रवाल, रोटरी क्लब धमतरी के अध्यक्ष रोटे. मनीष मित्तल, कांफ्रेंस चैयरमेन रोटे. सलज अग्रवाल, रोटरी क्लब जगदलपुर के पूर्व अध्यक्ष रोटे. नवीन भवसार की पूरी टीम ने अपना सहयोग प्रदान किया। देश के विभिन्न स्थानों से रायपुर पधारे 1200 से अधिक रोटेरियन के रजिस्ट्रेशन का कार्य रोटरी क्लब संस्करधानी के पूर्व अध्यक्ष रोटे. समर सिंह गायकवाड़, रोटे. अनिल अग्रवाल, रोटे. अंजुल जैन, रोटे. नितिन जैन, रोटे. मनीष बजाज द्वारा किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट फेसिलिटेटर रोटे. शशांक रस्तोगी, पूर्व प्रांतपाल रोटे. सुभाष साहू, रोटे. राकेश चतुर्वेदी, रोटे. उमाशंकर शर्मा, रोटे. रंजीत सिंह सैनी, रोटे. सुनील फाटक, रोटे. मंजीत सिंह, रोटे. अखिल मिश्रा, आगामी प्रांतपाल रोटे. आलम रूपरा, रोटे. भानु चौधरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया के चैयरमेन रोटे. नितिन जैन एवं रोटे. पंकज माहेश्वरी द्वारा संयुक्त रूप से दी गई।

## एनआईटी में वार्षिक एलुमनी डे-2025 का आयोजन आज

*रायपुर। एनआईटी का एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा आज वार्षिक एलुमनी डे- 2025 आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गोल्डन टॉवर एनआईटी कैंपस में होगा। इसमें 1965 बैच के डायमंड जुबली री-यूनियन, 1975 बैच के गोल्डन जुबली रीयूनियन, 1985 बैच के 40 साल के रीयूनियन और 2000 बैच के सिल्वर जुबली रीयूनियन को याद किया जाएगा, जो संस्थान के प्रतिष्ठित एलुमनाई की महत्वपूर्ण शैक्षणिक और पेशेवर उपलब्धियों को दर्शाता है। औपचारिक समारोहों के अलावा, एलुमनाई को अपने-अपने विभागों में जाने, जाने-पहचाने गलियारों में घूमने और फैकल्टी सदस्यों तथा छात्रों के साथ बातचीत का मौका मिलेगा। संस्थान का ये प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एलुमनी डे इस बात की याद दिलाता है कि भले ही साल बीत जाएं, लेकिन एनआईटी रायपुर और उसके एलुमनाई के बीच का रिश्ता मजबूत बना रहता है। संस्थान पुरानी यादों और नए रिश्तों से भरे इस खास दिन को मनाने के लिए उत्सुक है।*

सिटी इवेंट

## मार्शल आर्ट-गतका दल ने वीर बाल रैली में शौर्य प्रदर्शन से किया चकित



रायपुर। वीर बाल दिवस पर राजधानी के तेलीबांधा मरीन ड्राइव में सिख समाज ने कई संस्थाओं के सात हजार से ज्यादा बच्चों के साथ ऐतिहासिक रैली निकाली। इसमें स्कूली छात्र-छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स के साथ खेल संघों और शौर्य खेल से जुड़े खिलाड़ियों के करतब देख लोग आश्चर्यचकित हो गए। सिख बच्चों ने मार्शल आर्ट और गतका का ऐसा प्रदर्शन किया कि उपस्थितजन चकित होते रहे। हाथों में शौर्य का एहसास कराने वाले नारों की तख्तियां थामे, सिर पर केसरिया रूमाल बांधकर बच्चों की रैली को सीएम विष्णु देव साय, तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब सहित मंचस्थ अतिथियों की मौजूदगी में हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया गया। जब वीर बच्चों का कारवां आगे बढ़ा तो उनके अनुशासन और शौर्य प्रदर्शन के दौरान अदम्य साहस को देखने के लिए मुख्य मार्ग से आने-जाने वाले लोग सड़क किनारे रुके और इस खास पल को अपनी यादों में संजोने के लिए कैमरे में कैद किया, लोगों ने इनके वीडियो भी बनाए।

### अद्भुत साहस के प्रदर्शन से दिया परिचय

इस दौरान विशेष रूप से सिख समाज के वीर बच्चों द्वारा मार्शल आर्ट, गतका का प्रदर्शन किया गया। इसमें राजवीर एवं उनकी टीम ने अद्भुत साहस का परिचय दिया। मंच पर किक बॉक्सिंग, कराटे एवं शौर्य खेलों के प्रभावशाली प्रदर्शन ने जनसमूह को रोमांचित किया। वीर बाल रैली के लिए सजाए गए मंच से सीएम विष्णु देव साय ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह के छोटे पुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह, जिनकी आयु मात्र 9 और 7 वर्ष थी। फिर भी उन्होंने आततायी मुगलों के सामने झुकना स्वीकार नहीं किया। धर्म की राह पर अडिग रहते हुए जिंदा दीवार में चुने जाने की शहादत को स्वीकार किया।



### राष्ट्रप्रेम की भावना विद्यार्थी जीवन से प्रबल होगी

सीएम ने आगे कहा कि उनकी शहादत हमें यह शिक्षा देती है कि धर्म के प्रति दृढ़ रहना और अधर्म का विरोध करना सच्चा साहस है। सीएम ने अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा द्वारा किए गए इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों में राष्ट्रप्रेम की भावना विद्यार्थी जीवन से प्रबल होगी। आयोजन एवं उससे जुड़ी यादें श्री छाबड़ा ने साझा की। मंच पर सिख फोरम के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया, विधायक पुरंदर मिश्रा, भूपेंद्र सिंह सवन्नी, हरमीत होरा, इंदरजीत खालसा, गगन हंसपाल, परमजीत सिंह दत्ता सहित भारी तादाद में लोग आयोजन का हिस्सा बने। वहीं रैली का समापन पंडरी स्थित खालसा विद्यालय परिसर में किया गया।

18वां एनुअल कांफ्रेंस सीजीएपीकॉन-2025 में बोले विशेषज्ञ डॉक्टर्स

# चिकित्सा क्षेत्र में एडवांस टेक्नोलॉजी और मेडिसिन में नवाचार ने बढ़ाई लाइफ एक्सपेक्टेंसी

कार्नर न्यूज







**रायपुर।** 18वें एनुअल कांफ्रेंस ऑफ छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन का सीजीएपीकॉन-2025 का आयोजन हुआ। शनिवार को इस दो दिवसीय कांफ्रेस का शुभारंभ हुआ, जो 20 से 21 दिसंबर तक वीआईपी रोड स्थित होटल सायाजी में आयोजित किया गया है। इस एनुअल कांफ्रेंस ऑफ छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन सीजीएपीकॉन-2025 कांफ्रेस में देशभर के फिजिशियन जुटे।उद्घाटन सेशन में अंबिकापुर के जीवनदीप सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के एमडी इन मेडिसिन डॉ. जेके सिंह ने कहा कि सन 1983 में देश में इंसान की लाइफ एक्सपेक्टेंसी औसत 55 से 57 वर्ष आयु था। वर्तमान में इंसान की औसत आयु बढ़कर 70 वर्ष लाइफ एक्सपेक्टेंसी हो गई है। साथ ही हार्ट, गेस्ट्रो, बीपी-शुगर, मोटापा, कैंसर जैसी हाई रिस्क बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। 42 साल पहले चिकित्सा सुविधा इतनी एडवांस नहीं हुई थी और स्वास्थ्य जागरूकता का अभाव भी था। आज स्वास्थ्य जागरूकता व एडवांस चिकित्सा पद्धति भी कई गुना बढ़ी है, जिससे इंसान की औसत आयु बढ़ी है, पर अनियमित जीवनशैली में फास्ट फूड, कम फिजिकल एक्टिविटी, वर्किंग प्रेशर ने हाईरिस्क बीमारियों में तेजी से इजाफा किया है। डॉ. जेके सिंह को चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगादान के लिए छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन की ओर से डॉ. केके श्रीवास्तव को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। इस दौरान हरिभूमि से खास बातचीत करते हुए डॉ. जेके सिंह ने अपनी चिकित्सा क्षेत्र में उपलब्धि और वर्तमान समय में मानव जनित प्रमुख बीमारियां, कारण और निदान के साथ-साथ आधुनिक चिकित्सा में नवाचार के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

### ये विशेषज्ञ डॉक्टर हुए शामिल

छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन से डॉ. संजय वर्मा, ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन, डॉ. स्मित श्रीवास्तव ऑर्गेनाइजिंग को-चेयरमैन, डॉ. राजीव लोचन खरे ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी, डॉ. अरुण कुमार केड़िया साइंटेफिक चेयरमैन, डॉ. अनुराग अग्रवाल ऑर्गेनाइजिंग ज्वाइंट सेक्रेटरी, साइंटिफिक कमिटी में डॉ. आलोक राय, डॉ. कल्याण सेनगुप्ता, डॉ. लखन सिंह, डॉ. अविजीत रॉयजादा, डॉ. देवप्रिया लकड़ा, डॉ. राजीव चंद्राकर, डॉ. योगेंद्र मल्होत्रा शामिल हुए।

### 40 पीजी मेडिकल स्टूडेंट्स ने लिया भाग

कांफ्रेंस में 40 पीजी मेडिकल स्टूडेंट्स ने भाग लिया और 47 शोध पत्र प्रजेंट किए गए। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कांफ्रेंस में राज्य के भीतर चिकित्सा सुविधा में नवाचार, उन्नत चिकित्सकीय उपकरण और हाईरिस्क बीमारियों के साइंटिफिक पहलुओं पर चर्चा और शोधपत्र पढ़े। यह कांफ्रेंस पीजी मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए लर्निंग सेशन साबित हुआ।

# सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओरपत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज़ होती है! ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है! हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है! 24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साने अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है !इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, तारीफ़ के काबिल है! यही कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है! हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब-जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफ़र हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है !यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है! आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेक न्यूज़, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है !यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी हैं।

























## सिटी लाइव

# बुजुर्गों ने जाना अपना अधिकार, सामाजिक शांति के लिए शुरू हुई निशुल्क काउंसिलिंग



**रायपुर।** शहर सीरत-उन-नबी कमेटी द्वारा संचालित सामाजिक काउंसिलिंग सेंटर के अंतर्गत बुजुर्गों के अधिकार, सम्मान एवं सुरक्षा को लेकर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यशाला शनिवार को नूर-ए-सुब्ह हॉल, शास्त्री बाजार में हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य उन बुजुर्गों को जागरूक करना था, जो पारिवारिक उपेक्षा, मानसिक प्रताड़ना अथवा अपने अधिकारों के हनन जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। कार्यक्रम में बुजुर्गों को उनके कानूनी अधिकारों, आत्मसम्मान एवं सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में सीनियर सिटीजन एक्ट-2007, भारतीय कानून में बुजुर्गों के अधिकार, परिवार द्वारा प्रताड़ित बुजुर्गों के लिए उपलब्ध कानूनी उपाय, सामाजिक काउंसिलिंग की प्रक्रिया तथा इस्लाम में बुजुर्गों के सम्मान के महत्व जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने वास्तविक मामलों के उदाहरणों के माध्यम से समाधानात्मक मार्गदर्शन भी दिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सामाजिक काउंसिलिंग सेंटर के पैनल में शरीफ मोहम्मद (पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर), अब्दुल शफीक खान (सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक, डीएसपी) फैसल रिजवी (वरिष्ठ अधिवक्ता), सैयद जाकिर अली (वरिष्ठ अधिवक्ता), अब्दुल रफीक खान (पूर्व अधिकारी, सीएसईबी), एमके घौरी (पूर्व अधिकारी, सीएसईबी), निकहत खान (सामाजिक कार्यकर्ता), अय्यूब परीक (सामाजिक कार्यकर्ता), बाबा नवाब (सामाजिक कार्यकर्ता), कारी इमरान (इमाम, बैरन बाजार मस्जिद), नाजमा परवीन (आलिमा), एडवोकेट शमीम रहमान (सामाजिक कार्यकर्ता, महिला आयोग) शामिल रहे। सामाजिक काउंसिलिंग सेंटर में निशुल्क काउंसिलिंग एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह जानकारी शहर सीरत-उन-नबी कमेटी के मीडिया प्रभारी शेख शकील व अब्दुल नादिर खान द्वारा संयुक्त रूप से दी गई।

## समाज लाइव

# महागिरजाघर से झांकी के साथ आज निकलेगी क्रिसमस रैली

**रायपुर।** संत जोसेफ महागिरजाघर बैरन बाजार से रविवार को सुबह 10 बजे आकर्षक झांकी के साथ क्रिसमस रैली शहर में निकाली जाएगी। यह जानकारी महागिरजाघर के मीडिया प्रभारी गुरविंदर सिंह चड्ढा ने दी। उन्होंने बताया कि पल्ली पुरोहित एवं पल्ली परिषद के अध्यक्ष फादर जॉन जेवियर की अध्यक्षता में पल्ली परिषद की बैठक में यह सहमति बनी है। 21 दिसंबर को पवित्र क्रिसमस रैली प्रभु यीशु मसीह के जन्म की चरनी झांकी के रूप में तैयार करके पारंपरिक गीत, मांदर और ढोल के साथ सांता क्लॉज के रूप में आपसी भाईचारा, मानव प्रेम, विश्व शांति एवं प्रभु यीशु मसीह का संदेश देने निकलेंगे। पुलिस लाइन, पेंशनबाड़ा चौक, टैगोर चौक, मदर टेरेसा आश्रम चौक, संत कंवरराम चौक, नेताजी चौक से क्रिसमस रैली आगे बढ़ेगी।

### इन क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए देंगे संदेश

मसीहीजन कबीर चौक, ओसीएम चौक, महिला थाने से महागिरजाघर पहुंचेंगे। बैनर बाजार में सभी समुदाय के लोग एक-दूसरे को खुशियां बांटते हुए आनंद के साथ भोज में शामिल होंगे। प्रभु यीशु के जन्म उत्सव क्रिसमस एवं नववर्ष की पवित्र मिस्सा बलिदान पूजन विधि में मुख्य याजक के रूप में कैथोलिक समुदाय के आर्च बिशप डॉ. रेव्ह. विक्टर हेनरी ठाकुर द्वारा पवित्र पूजन विधि की जाएगी। पवित्र क्रिसमस रैली की अनुमति शासन व प्रशासन से संत जोसेफ महागिरजाघर व संत फ्रांसिस जेवियर चर्च में आयोजन की अनुमति ली है। प्रभु से पवित्र आशीष लेने के लिए क्रिसमस रैली निकाली जाएगी।

## लाइव इवेंट

# बंगाली कला-संस्कृति से सजा मंच, दर्शकों ने उठाया लुत्फ



**रायपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेले का हिस्सा बनने के लिए जहां लोगों की चहल-पहल बढ़ी है। वहीं दिनभर होने वाली पेंटिंग, ड्राइंग, मेहंदी जैसी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी उत्साह से शामिल हो रहे हैं। शाम को मंचीय प्रस्तुति में शनिवार को बंगाली समाज द्वारा प्रस्तुत सोनार बंगला ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। रूद्र नृत्य कला के निर्देशक सोम राय चौधरी एवं उनकी टीम ने आकर्षक प्रस्तुति देते हुए लोगों को बंगाली लोक संस्कृति से जोड़ने का प्रयास किया। गीत-संगीत और नृत्यों की भावपूर्ण प्रस्तुति ने लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष तन्मय चटर्जी एवं विवेक वर्धन का सम्मान किया गया। लोकमंच की प्रस्तुति के लिए लोगों को इंतजार करना पड़ा। पद्मश्री ममता चंद्राकर एवं उनकी टीम द्वारा दी गई प्रस्तुति से लोगों को उत्सव का माहौल मिला।

### ग्लोबल से लोकल विषय पर संगोष्ठी

मेला संयोजक केदारनाथ, सहसंयोजक जसप्रीत सिंह सलूजा, स्वागत समिति के आनंद सिंघानिया, अमरजीत सिंह छाबड़ा की अगवाई एवं मेला प्रमुख अमर बंसल, महिला मेला प्रमुख आरती दुबे सहित सभी के संयुक्त प्रयास से लोगों को स्वदेशी मेले में एक ही जगह स्वदेशी प्रोडक्ट के साथ ही खानपान का माहौल मिल रहा है। वहीं रविवार को मेले में स्वदेशी उद्यमिता : ग्लोबल से लोकल विषय पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। दोपहर 1 से 2.30 बजे तक रंग भरो एवं चित्रकला प्रतियोगिता, दोपहर 3 बजे से शिशु वेशभूषा प्रतियोगिता होगी। सामाजिक समागम में शाम 5 बजे ओड़िया समाज की प्रस्तुति तथा मंचीय कार्यक्रम में सुजाता शुक्ला शिखर कला मंच की प्रस्तुति होगी।



## स्कूलों के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, डांस से दिया सोशल संदेश

# श्रवण बाधित बच्चों ने भावों से रची ताल बिना गाना सुने हर बीट पर किया परफेक्ट डांस

श्रवण बाधित दिव्यांग बच्चों ने यह साबित कर दिया कि जज्बा हो तो कुछ भी नामुमकिन नहीं। मौका था श्रवण बाधित दिव्यांग अभिभावक संघ द्वारा संचालित प्रज्ञा कर्ण बधिर शाला एवं छात्रावास के वार्षिकोत्सव समारोह का, जहां बच्चों ने एक महीने तक ऐसे गाने पर डांस का अभ्यास किया, जिसे वे सुन नहीं सकते थे। उन्होंने गाने के भाव और अर्थ को समझकर अपनी प्रस्तुति तैयार की।






**रायपुर।** जब मंच पर बच्चों ने प्रस्तुति दी तो दर्शकों को गाना सुनाई दे रहा था, लेकिन बच्चों को नहीं। बावजूद इसके उनका हर स्टेप गाने के बोल के साथ सटीक तालमेल में था। मंच पर उनकी परफॉर्मेंस देखकर कोई भी यह अंदाजा नहीं लगा सकता था कि ये बच्चे सुन नहीं सकते। उनकी मेहनत, समर्पण और भावों की समझ ने सभी को भावुक कर दिया और तालियों से पूरा हॉल गूंज उठा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, विशेष अतिथि स्वामी डॉ. इंदुभवानंद महाराज, विधायक पुरंदर मिश्रा व वरिष्ठ समाजसेवक एवं उद्योगपति राजेश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम में शाला के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

### रीमिक्स गीतों से बांधा समां

कार्यक्रम में श्रवण बाधित व प्रज्ञा कर्ण बधिर बच्चों ने प्रस्तुति दी। इस दौरान रीमिक्स गानों में बच्चों की प्रस्तुति ने समां बांधा। इस दौरान दिव्या, कलश व आविंश, अंकुश समेत कृषभ और नारायण ने दिल है छोटा सा.. गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों की मासूमियत से भरी प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। इसके बाद अहिदना और साथी ने काला चश्मा व नरसिम्हा नाथ की स्टोरी पर बच्चों की प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित कर दिया। इस आयोजन में शाला के सभी दानदाताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शाला की 2 उत्कृष्ट शिक्षिका शारदा यादव और कु. अपूर्वा वर्मा को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शाला के 4 उत्कृष्ट छात्र प्रमोद ध्रुव कक्षा 5वीं प्रथम श्रेणी, डोगेन्द्र सिन्हा कक्षा आठवीं प्रथम श्रेणी, होलेंद्र साहू 10वीं द्वितीय श्रेणी, दिवाकर साहू 10वीं द्वितीय श्रेणी को शाला द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

## नन्हे बच्चों ने दिखाए प्रकृति के अनोखे रंग



शनिवार को विभिन्न स्कूलों में हुए आयोजन में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखाई और सामाजिक संदेश देकर सभी को प्रभावित कर दिया। कुछ ऐसा ही नजारा कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के छठवें वार्षिकोत्सव में देखने को मिला, जो गूंज- गार्डियन ऑफ नेचर थीम पर आधारित था। इस दौरान प्री-प्राइमरी से कक्षा 5वीं तक के बच्चों ने प्रकृति के अनोखे रंग दिखाए। बच्चों ने अपने मनमोहक कार्यक्रम से संदेश दिया कि हमें प्रकृति का संरक्षक बन उसकी रक्षा करना चाहिए, न कि स्वार्थी बनकर उसका लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग डॉ. वर्तिका शर्मा ने छात्रों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए और उन्हें प्रकृति का महत्व समझाते हुए उन्हें प्रकृति के संरक्षक बनने को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी, उपाध्यक्ष विजय जादवानी, डायरेक्टर एम्पॉवर एजुप्रेन्योर ग्रुप गोविंद मुदलियार, सचिव जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी हरजीत सिंह हूरा, डायरेक्टर कोलंबिया ग्लोबल स्कूल रविंदर सिंह हूरा और सुश्री दीपजोत कौर हूरा, प्रधानाचार्य आइवन स्मिथ उपस्थित थे।

### योग नृत्य ने बटोरीं तालियां

*कार्यक्रम की शुरुआत राज्यगीत के सुरीले शब्दों के साथ औपचारिक समारोह से हुई। औपचारिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा बच्चों को शिक्षा, खेल, कला और शिल्प जैसी विभिन्न विधाओं में पुरस्कार दिए गए। चेयरमैन का पुरस्कार उस छात्र को दिया गया, जो समग्र प्रदर्शन करता है। मुख्य अतिथि डॉ. वर्णिका शर्मा ने कहा कि हमें सफल होने के लिए निरंतर प्रयास करना पड़ता है। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए अभिभावक केवल स्कूल पर निर्भर न रहें, बल्कि घर में भी उन्हें प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को अध्ययन के साथ-साथ अध्यात्म से भी जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम में पानी की कहानी कहता नाटक "एयरकंडीशन वॉटर", सेव नेचर कहता गीत और योग की खूबियों को दिखाते योग नृत्य ने भी खूब तालियां बटोरीं।*

# ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों ने खेलकूद और कला-संस्कृति में प्रतिभा का मनवाया लोहा

## दो दिवसीय राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर स्पोर्ट्स मीट-2025 का भव्य समापन




**रायपुर।** शनिवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर स्पोर्ट्स मीट- 2025 का भव्य समापन हुआ। अंतिम दिवस स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक विविधता के साथ संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति द्वारा समाज कल्याण विभाग के सहयोग से हुए इस स्पोर्ट्स मीट में देशभर के ट्रांसजेंडर खिलाड़ी जुटे रहे। उन्होंने दो दिन तक खेल व कला-संस्कृति की अपनी उत्कृष्ट प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। संस्था प्रमुख विद्या राजपूत ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों से आए ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास और खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया। समापन समारोह के दिन 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद ,खेल प्रतियोगिता हुई। वहीं पुरस्कार वितरण के पश्चात शाम 7 बजे से सांस्कृतिक संध्या ने समापन समारोह को भावनात्मक और रंगारंग बनाया। आरंग के स्वरागिनी डांस ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका में देश की रक्षा में लगे सैनिकों के जीवन, संघर्ष और बलिदान को प्रभावशाली ढंग से मंचन किया गया, जिसे दर्शकों ने भावुक होकर सराहा। इसके बाद योगी डांस ग्रुप द्वारा राजस्थान के विभिन्न लोकनृत्यों की जीवंत प्रस्तुति दी गई, जिसने भारतीय लोकसंस्कृति की विविधता और समृद्धि को उजागर किया। इसके अतिरिक्त विभिन्न राज्यों एवं छत्तीसगढ़ के कलाकारों द्वारा समूह तथा एकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिनमें क्रमशः समूह नृत्य एवं सोलो नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय ट्रांसजेंडर स्पोर्ट्स मीट- 2025 के समापन व सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि समाज कल्याण विभाग की मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े रहीं। उन्होंने अपने आशीर्वचन देकर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। उन्हें खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल आत्मसम्मान, नेतृत्व और सामाजिक स्वीकार्यता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया एवं आयोजन समिति को इस राष्ट्रीय पहल के लिए बधाई दी। सम्मान समारोह में सहयोग देने वाले कोच व सहयोगियों का सम्मान किया गया। इनमें खेल प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रेफरी, कोच एवं खेल सहयोगियों को सम्मानित किया गया। इनमें दिनेश कुमार तांडी, टीएल रेड्डी, रविशंकर धनगर, तुलसी राम साहू, पुरिंदर कोसरिया, मीरा साहू, मनोज, इमामुद्दीन अंसारी, चंदन यादव, राकेश कुमार एवं कृष्णा दुबे शामिल रहे।

# बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा, 27 को लगेगा दिव्य दरबार




**रायपुर।** इस्पात नगरी भिलाई में पहली बार सनातन धर्म के ध्वजवाहक पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से श्री हनुमंत कथा सुनने का अवसर 25 से 29 दिसंबर तक मिलेगा। जयंती स्टेडियम के पास ग्राउंड में 27 दिसंबर को दिव्य दरबार भी लगाया जाएगा। पं. शास्त्री के आगमन पर 24 दिसंबर को दोपहर में माना विमानतल में भव्य स्वागत किया जाएगा। श्री हनुमंत कथा के आयोजक एवं छत्तीसगढ़ खादी ग्राम उद्योग आयोग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने शनिवार को वीआईपी रोड स्थित एक होटल में पत्रकारवार्ता में तैयारियों से जुड़ी जानकारी साझा की। आगे बताया कि पं. शास्त्री स्वागत के बाद कथास्थल जयंती स्टेडियम के लिए रवाना होंगे। दोपहर 2 से शाम को 6 बजे तक श्रद्धालुओं को कथा सुनने का अवसर मिलेगा।

### सेवा समर्पण समिति ने दी जानकारी

सेवा समर्पण समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता केएस चौहान ने पत्रकारवार्ता में बताया कि 27 दिसंबर को विशेष दिव्य दरबार लगाया जाएगा। इस दौरान पं. शास्त्री श्रद्धालुओं की पर्ची निकालकर समस्याओं का समाधान बताने मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। सेवा समर्पण समिति द्वारा आयोजित इस भव्य कथा के लिए तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। 80 प्रतिशत काम पूर्ण हो चुका है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिहाज से व्यवस्था की जा रही है। डोमशेड, वाहन पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि आवागमन बाधित न होने पाए। प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क भोजन, पेयजल एवं शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। सुरक्षा के लिहाज से कथास्थल पर बेरिकेडिंग की जाएगी।

**इस्पात नगरी भिलाई में 25 से 27 दिसंबर तक धार्मिक आयोजन**

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

A VENUE THAT FEEDS Dreams and Delights to Your Guests
22 Rooms Fully Loaded with Modern Amenities
Deluxe Rooms - 11
Executive Balcony - 11
A PLACE THAT Compliments Your Events!
In-House Catering
In-House Decor
Pure Veg Restaurant (by india's best chef)
Banquet Hall Cap : 50 - 250 Person
Ample Number of Car Parking Space (150+ Car Park at a Time)
SHREEJI INN HOTEL Restaurant-Banquet Hall
BANQUET HALL ROOMS CAFE & RESTAURANT BOARD ROOM
WE ORAGANISE : Marriage Functions,Corporate Events, Birthday Party, Kitty Party & More...
BOOKING NOW +91 93297 44444 Ring Road - 1, Infront of Shyam Petrol Pump, Near Kushalpur Chowk, Raipur (C.G.)

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755 गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाईंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

Shree Shivam Steel Enterprises
MO:- 9713234611, 9926907736, 9630491800
Add. Shop No 05, In Front Of Theresian School, Kandul Road, Boriya Khurd- Raipur
Rose Gold Railing
Golden color Railing
Aluminium Profile
Steelness Glass Railing
Normal Railing
Slim Profile, Domal Window
Bathroom Shower
12mm Glass Partition
Vadruf, Aluminium Window

गंजेपन से पाएं आजादी
सिर्फ 1 घण्टे में
राजगढ़ द ब्यूटी सलोन एवं हेयर विग सेंटर
(पुरूष एवं महिला के लिए)
● Hair Patch ● Hair Extension ● Hair Wig ● Hair Topper
पहले बाद में
पता: राधा कृष्ण मंदिर के पास, टिकरापारा थाना, मेन रोड, छत्तीसगढ़ नगर, रायपुर, मो. 9926943380

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## शुक्ल भवन में छग संघर्ष परिषद की बैठक आज

**रायपुर।** बुढ़ापारा स्थित प्रदेश कार्यालय शुक्ल भवन में 21 दिसंबर को शहीद पं. विद्याचरण शुक्ल द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद की बैठक होगी। बैठक में 25 जनवरी को आशीर्वाद भवन, बैरन बाजार में संगठन के 25वें स्थापना वर्षगांठ पर प्रादेशिक सम्मेलन की तैयारी, संभागवार प्रभारियों की नियुक्ति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में परिषद के संरक्षक पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल एवं महामंत्री रामअवतार देवांगन मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने बताया कि संगठन के समस्त कार्यकारिणी सदस्य, सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को बैठक में आमंत्रित किया गया है, सभी के सुझावों पर विचार कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।

### निधन

#### चंदनबाला सीगवी

**रायपुर।** मेट्रो हाइट्स निवासी



चंदनबाला सीगवी का 20 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 21 दिसंबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सुरेश, संदीप एवं सुबोध सीगवी की चाची थीं।

### बिजनेस साइट

#### बालाजी विंटर सेल में तीन प्राइस रेंज में पूरा विंटर कलेक्शन



**रायपुर।** सर्दी के मौसम को देखते हुए शहर में आयोजित "श्री बालाजी गारमेंट सेल" लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह सेल गढ़ कलेवा के पास, राजभवन गेट नंबर-3 के सामने, घड़ी चौक स्थित गुरुतेग बहादुर हॉल में लगाई गई है। यहां विंटर गारमेंट्स की बड़ी रेंज मात्र तीन प्राइस रेंज में उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे ग्राहक बजट में रहकर खरीदारी कर पा रहे हैं। सेल में बॉयज के ब्रांडेड जैकेट, हूडी, ट्रैक पैंट और विंटर पैंट 299 रुपये में उपलब्ध हैं। वहीं गर्ल्स के ब्रांडेड जैकेट भी 299 रुपये में मिल रहे हैं। विंटर टॉप्स की रेंज 99 और 299 रुपये में खास पसंद की जा रही है। बच्चों के लिए जैकेट, स्वेटर और हूडी 99 व 299 रुपये में उपलब्ध हैं। इसके अलावा युवाओं और ऑफिस वियर पसंद करने वालों के लिए लॉन्ग व शॉर्ट ब्लेज़र भी 299 रुपये में मिल रहे हैं। आयोजकों के अनुसार यह सेल सीमित समय के लिए है। फ्री एंट्री और पार्किंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

# सालों से बंद दुकानें रिनोवेशन के जरिए वार्डों में होंगी तब्दील, 6 माह से प्रभावित डायलिसिस सेवा के टेंडर का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सालों से बंद पड़ी डीके हास्पिटल परिसर की दुकानों को रिनोवेट कर मरीजों की सुविधा के लिए वार्डों में तब्दील किया जाएगा। इसके अलावा 6 महीने से बंद पड़ी डायलिसिस सेवा को शुरू करने टेंडर जारी करने का अनुमोदन किया है। वहां एमसीएच हॉस्टल बनाने के लिए काम शीघ्र शुरू करने पर भी सहमति बनी है। इसके अलावा न्यूरो सर्जरी, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी तथा आईसीयू में मरीजों के लिए बेड बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

सीजीएमएससी के एमडी के साथ चिकित्सा शिक्षा आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे रितेश अग्रवाल शनिवार को डीके हास्पिटल पहुंचे। उन्होंने काफी देर तक वार्डों के साथ हास्पिटल परिसर के चप्पे-चप्पे की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के लंबित पड़ी कई योजनाओं को प्रारंभ करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने हास्पिटल में बंद पड़ी दुकान वाले भवन का रिनोवेशन और विस्तार कर उसका उपयोग मरीजों के लिए वार्डों के रूप में किए जाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने नया टेंडर के अभाव में बंद डायलिसिस मशीनों के निविदा को अनुमोदन देने के निर्देश प्रदान किया। अस्पताल में स्थापित लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन गैस प्लांट को तत्काल संचालित करने आवश्यक कार्रवाई करने की ताकीद की।

## न्यूरो, बर्न-प्लास्टिक और आईसीयू में मरीजों का बेड बढ़ाने के निर्देश

### हटेंगी कंडम गाड़ियां, चारदीवारी बनेगी

अस्पताल परिसर के एक हिस्से में सालों से कंडम हालत में पड़ी स्वास्थ्य संचालनालय की एंबुलेंस और अन्य वाहनों को वहां से हटवाने के लिए पत्र व्यवहार करने का निर्देश भी सीएमई ने दिया है इसके अलावा उन्होंने अस्पताल में संचालित स्किन बैंक का मरम्मत कर उसे नया रूप देने और अस्पताल की साफ-सफाई कराने पर जोर दिया गया है। इलाज के लिए आने वाले मरीजों और परिजनों से फीडबैक लेने के साथ सभी विभागों में गैप सेटल किए जाने और अस्पताल की सुरक्षा के लिए चारदीवारी बनाने के निर्देश दिए हैं।



### काम शुरू नहीं किया गया

इलाज की व्यवस्था में सुधार के लिए एसआर और जेआर की भर्ती के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। उन्हें बताया गया है कि सीजीएमएससी को एमसीएच हास्टल के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपए दिए जा चुके हैं मगर उनकी ओर से काम शुरू नहीं किया गया है। इस पर उन्होंने अगले दस से पंद्रह दिनों में काम शुरू करने की हिदायत दी है। निरीक्षण के दौरान अस्पताल अधीक्षक डॉ शिप्रा शर्मा, उप-अस्पताल अधीक्षक डॉ हेमंत शर्मा, सीजीएमएससी के मृत्युंजय साहू कार्यपालन अभियंता, अजय कापसे सहायक अभियंता अधिकारी उपस्थित रहे।

## 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के ट्रायल रन में ही परेशानी शुरू, टाइमिंग बढ़ाएंगे

# नई पाइपलाइन से सदर और ब्राह्मणपारा में कम पानी की शिकायत, शार्ट आउट करने जुटा रायपुर स्मार्ट सिटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत मोतीबाग पानी टंकी कमांड एरिया के वार्डों में बिछाई गई काले रंग की पौन इंच वाली पाइप लाइन से लोगों को कम पानी मिल रहा है। सदरबाजार वार्ड और ब्राम्हणपारा का एक हिस्सा इससे प्रभावित है। लोगों का कहना है कि पुरानी पाइप लाइन से उन्हें पहले भरपूर पीने का पानी नलों से मिलता था, पर नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति में इस तरह की समस्या आ रही है।

- गंज टंकी कमांड एरिया से कनेक्ट वार्डों में पानी की दिक्कत नहीं

जोन 4 अध्यक्ष मुरली शर्मा ने पानी की समस्या को लेकर हाल ही में जोन कार्यालय में जल विभाग के अधिकारियों और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के समक्ष इस समस्या को प्रमुखता से रखा। इधर रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों कहना है, सदर बाजार और ब्राम्हणपारा में कम पानी आने की शिकायत पर समस्या को शार्ट आउट कर रहे हैं। सुबह के समय जल आपूर्ति की टाइमिंग भी बढ़ाएंगे।

### एक्सपर्ट बुलाकर बताई परेशानी कलस्टर वाइज टाइमिंग बढ़ाएंगे

योजना से जुड़े अधिकारियों का कहना है सदरबाजार और ब्राम्हणपारा वार्ड के एक हिस्से जहां मोतीबाग पानी टंकी से पानी जाता है, वहां सुबह के समय जल आपूर्ति में लोगों को कम पानी मिल रहा है। शिकायत मिलने पर एक्सपर्ट बुलाकर इससे अवगत कराया गया है। जल्द ही सुबह के समय संबंधित एरिया में जल आपूर्ति की टाइमिंग बढ़ाई जाएगी। यह कार्य पूरे क्षेत्र की जगह इसे कलस्टर में बांटकर किया जाएगा।



### टूल्लू पंप से खींचते रहे पानी

सदरबाजार, ब्राम्हणपारा सहित कुछ अन्य इलाकों में जहां नगर निगम ने 1 इंच की पुरानी पाइप लाइन डाली थी उससे भरपूर पानी लोगों को मिलता रहा। तब टूल्लू पंप लगाकर पानी खींचने के बाद भी टेल एंड तक पानी पहुंच जाता, पर इस 24 घंटे पानी सप्लाई योजना के लिए बिछाई गई पाइप लाइन के कनेक्शन में एक आटोमेटिक वाल्व सिस्टम अनुबंधित एजेंसी ने लगाया है। इससे एक समान प्रेशर और फ्लो में लोगों को पानी मिल जाएगा। इसमें यदि टुल्लू पंप लगाकर अधिक पानी लेने की कोशिश हुई, तो संबंधित घर में पानी का प्रेशर आटोमेटिक कम हो जाएगा। ट्रायल रन के दौरान सुबह की सप्लाई में कम पानी मिलने की शिकायत पर अधिकारियों का कहना है कि पंप नहीं चलने के कारण लोगों को कम पानी मिला होगा।

### मोतीबाग पानी टंकी में पंपिंग सिस्टम, अपग्रेड 3 नए पंप लगा रहे

शहर की सबसे बड़ी मोतीबाग पानी टंकी में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पानी आपूर्ति के लिए 110 एचपी के तीन बूस्टिंग पंप लगाने की तैयारी है। वर्तमान में 75 एचपी के पुराने पंप से पानी टंकी भरी जाती है। इसके बदले मोतीबाग पानी टंकी में पंपिंग सिस्टम को अपग्रेड करने 98 लाख की लागत से पुराने मोटर पंप को बदलकर 110 एचपी के 3 नए मोटर पंप लगाए जाएंगे। पंपिंग मशीन को अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर नगर निगम ने टेंडर कर दिया है।

दरअसल, शहर के 14 वार्डों में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना पर काम किया जा रहा है। 130 करोड़ के इस प्रोजेक्ट में मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर 14 वार्डों में नई पाइप लाइन बिछाकर जल आपूर्ति शुरू की गई है। अभी मोतीबाग पानी टंकी से 14 हजार कनेक्शन और गंज पानी टंकी से 6 हजार कनेक्शन पर नई पाइप लाइन से ट्रायल रन के तहत पानी आपूर्ति की जा रही है।

गंज मंडी में कम कनेक्शन के कारण दिक्कत नहीं आ रही है। वहां 2 घंटे सुबह और 2 घंटे शाम मिलाकर 4 घंटे पानी दिया जा रहा है। इसके विपरीत मोतीबाग पानी टंकी से सुबह 1 घंटे और शाम 1 घंटे पानी आपूर्ति नई पाइप लाइन से देने पर दिक्कतें सामने आ रही हैं। खासकर सदरबाजार और ब्राम्हणपारा पानी कम मिलने शिकायत है।

## ब्रह्माकुमारी शिवानी कल आएंगी रायपुर, राज्य अतिथि घोषित

**रायपुर।** अवेकनिंग विथ ब्रम्हाकुमारीज की मुख्य वक्ता ब्रम्हाकुमारी शिवानी दो दिवसीय प्रवास पर 22 दिसंबर को रायपुर आ रही हैं। वे छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज और प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय एवं बिजनेस एंड इंडस्ट्रीज विंग के संयुक्त कार्यक्रम में शामिल होंगी। राज्य शासन ने उन्हें राज्य अतिथि घोषित किया है। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि 22 दिसंबर को शाम 6 बजे बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में अनिश्चितता से मुकाबला विषय पर आयोजित व्याख्यान में ब्रम्हाकुमारी शिवानी का उद्बोधन होगा। इसी तरह 23 दिसंबर को सुबह 7 बजे नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर 10 स्थित शांति शिखर में संकल्प से सिद्धि विषय पर उद्बोधन देंगी। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे सहित छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारी व प्रबुद्धजन उपस्थित रहेंगे।




## शहर जिला साहू संघ रायपुर का शपथ ग्रहण समारोह आज

**रायपुर।** शहर जिला साहू संघ रायपुर के नवनिर्वाचित और मनोनीत पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 21 दिसम्बर को कर्माधाम संतोषी नगर रायपुर में आयोजित है। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू करेंगे। समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू और रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दुग्ध संघ के पूर्व अध्यक्ष विपिन साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व अध्यक्ष थानेश्वर साहू, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश साहू, प्रदेश साहू संघ महिला उपाध्यक्ष साधना साहू, प्रदेश साहू संघ संगठन सचिव चंद्रवती साहू, चित्र रेखा साहू,सनद बंटी साहू, विद्या देवी साहू, प्रदीप साहू प्रदेश साहू संघ संयुक्त सचिव होंगे। कार्यक्रम में शहर जिला साहू संघ के समस्त वार्ड, परिक्षेत्र के साहू समाज के पदाधिकारी एवं सामाजिक जन बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## पेज 13 के शेष ...

### एनालॉग पनीर के लिए ...

की कार्रवाई के शिकार हुए व्यापारियों का तर्क है कि यह पनीर स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है, तो राज्य स्तर पर आदेश जारी कर इसे बंद करा देना चाहिए। किस्तों में कार्रवाई कर कारोबारियों को परेशान नहीं करना चाहिए।

### 5 लाख लापता ...

दर्ज कराई जा सकती है। 14 फरवरी तक सुनवाई होगी। 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 4 नवंबर से शुरू हुए हाउस सर्वे का काम 18 नवम्बर तक हुआ जो 19 दिसम्बर को समाप्त हुआ है। अब 23 दिसम्बर को गणनावाली मतदाता सूची जारी होगी। भारत निर्वाचन आयोग के नियम के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने इसके लिए निर्देश जारी कर दिया है। प्राप्त दावों/आपत्तियों पर विधिवत जांच के बाद ईआरओ निर्णय लेंगे। आवश्यक होने पर सुनवाई के बाद ऑर्डर पारित किया जाएगा। अपील की व्यवस्था नियम के अंतर्गत उपलब्ध है। दावा-आपत्तियों के निराकरण के बाद भारत निर्वाचन आयोग की सहमति से अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### मतदाता इन माध्यमों से ...

आपत्ति दर्ज करने के लिए फॉर्म 7 में आवेदन करना है। यदि निर्वाचक की प्रविष्टि में कोई संशोधन की आवश्यकता हो, तो घोषणा पत्र के साथ फॉर्म 8 में आवेदन करना है।

### ये है नियम, देनी ...

उसके लिए स्वयं के लिए आयोग द्वारा तय सूची में से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करें, जो जन्म तिथि और/या जन्म स्थान प्रमाणित करता हो।

### सारंगढ़ के कारोबारी ...

केसरवानी के निवास में छापेमारी की। केसरवानी ने अपनी दवा दुकान के अलावा मकान के पिछले हिस्से में बनाए गए गोदाम में लाखों रुपये की दवा डंप कर रखी थी। दवा के मामले में उसके पास खरीदी संबंधित कोई दस्तावेज नहीं थे और ना ही उसे सुरक्षित तरीके से रखा गया था। जांच टीम ने इसे अवैध संग्रहण का मामला मानते हुए दवा कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई की है। उसकी दवा दुकान से कुछ दिन पहले भारी मात्रा में और दवा बरामद की गई थी, जिसका भी उसके पास कोई रिकार्ड नहीं है। खेमराम गोगांव के ट्रांसपोर्ट में पकड़ी गई नकली दवा के मामले में भी संदिग्ध है। उसके मोबाइल पर ही संबंधित दवा की तस्वीर मिली थी, जिसे खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जब्त कर रखा है। सूत्रों के मुताबिक संदेही दवा कारोबारी के मेडिकल स्टोर्स और गोगांव के ट्रांसपोर्ट में मिले बिल के संस्थान का नाम एक ही है। इस आधार पर जांच टीम अपने इंवेस्टीगेशन के तहत वहां तक पहुंची है। ***ओडिशा तक सप्लाई की आशंका :*** सूत्रों के मुताबिक सारंगढ़-बिलाईगढ़ ओडिशा से लगा जिला है। वहां के लोगों के ओडिशा से अच्छे व्यापारिक संबंध भी हैं। अवैध रूप से दवा का गोदाम बनाने वाला कारोबारी रिटेल के साथ थोक दवा सप्लायर भी है और उसका लेनदेन ओडिशा के व्यापारियों से भी है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम इस बिंदु को भी अपनी जांच में शामिल कर चुकी है। माना जा रहा है कि नकली दवा के इस कारोबार में बड़े रैकेट का खुलासा हो सकता है।

### गांजा पकड़ने गई ...

गोह के लिए यह है मिथक - गोह को लेकर लोगों में एक बड़ा भ्रम है की इसके मांस खाने से नपुंसकता दूर होती है, इसके साथ ही लकवा ठीक होने के साथ अन्य तरह की शारीरिक कमजोरी दूर होने का भ्रम है, इसलिए बड़े पैमाने पर लोग मॉनिटर लिज़ार्ड का शिकार कर उसकी मांस की खरीद बिक्री करने के साथ खाते हैं।

### माना बाईपास में ...

ने गोपी के साथ मारपीट कर उसके ऊपर किसी नुकले हथियार से हमला कर जेब से नगदी, मोबाइल और हाइवा की चाबी लूट मौके से फरार हो गए। दोनों बदमाशों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना तथा सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर गिरफ्तार किया है। चेतन के खिलाफ धमतरी के अलग अलग थानों में दो दर्जन से ज्यादा अपराध दर्ज है।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर - 18, कांदुल तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

जारी दिनांक 19/12/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरियाकला प.ह.न. 81 रा.नि.मं -रायपुर-18 तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. में आवेदक अनिल खूबचंदानी पिता गिरधारी लाल खूबचंदानी निवासी फाफाडीह रायपुर छ.ग. द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 4/12 रकबा 0.0370 हे0 का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र.- / / वाचक / तहसीलदार / 2025 रायपुर दिनांक 07/08/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन दिनांकः- 05/01/2026 को किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा / आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर- 18 कांदुल

न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पंचायत पचेडा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका हमीदा खान पति नशीर खान निवासी प्रगति नगर न्यू शांति नगर रोड पंडरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम पचेडा प.ह.नं. 19 तहसील अभनपुर स्थित भूमि ख.नं. 70/1 रकबा 1.20 हे. आवेदिका के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा ऋण - पुस्तिका प्रदाय करने बाबत आवेदन इस न्यायालय मे पेश किया है उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त प्रकरण में किसी व्यक्ति / संस्था / समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 30/12/2025 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते है, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा ।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 20/12/2025 को जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
अभनपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती वीणा चंद्राकर पति श्री तुलेश्वर चंद्राकर निवासी- त्रिवेणी विला, बजरंग चौक, बोरियाखुर्द तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के आधिपत्य स्वामित्व कब्जे की भूमि पर अर्द्धनिर्मित व्यवसायिक परिसर जिसका खसरा नंबर 260/34 रकबा 0.1103 हेक्टेयर जो वाके मौजा ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.न. 71, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसके संबंध में माननीय जिला न्यायाधीश रायपुर के न्यायालय में व्यवहार वाद क्रमांक 83अ/25 वीणा चंद्राकर विरुद्ध बंटी शर्मा व अन्य मामला विचाराधीन है। वर्तमान राजस्व अभिलेखों में श्रीमती संगीता देवी पति गौरीशंकर गुप्ता, श्रीमती फरजाना खान पति अब्दुल अजीज खान श्रीमती स्वाती तिवारी पति अजय तिवारी, श्रीमती सादिया लम्बा पति इरफान लम्बा का नाम धोखाधड़ी कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज करा लिये है कब्जा मेरे पक्षकार का ही है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति को कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि क्रय विक्रय न करें। यदि उक्त आम सूचना के पश्चात भी कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि क्रय विक्रय करता है तो उसकी जिम्मेदारी क्रेता की होगी। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा उक्त संव्यवहार अवैध एवं शून्य माना जावे।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 20.12.2025

एस.एस. चंदेल (अधिवक्ता)
पता- कृष्णानगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255 19873

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री तुलेश्वर चंद्राकर पिता कृष्ण कुमार चंद्राकर निवासी त्रिवेणी विला, बजरंग चौक, बोरियाखुर्द तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के आधिपत्य स्वामित्व कब्जे की भूमि पर अर्द्धनिर्मित व्यवसायिक परिसर जिसका खसरा नंबर 260/30 रकबा 0.0562 हेक्टेयर जो वाके मौजा ग्राम बोरियाखुर्द प.ह.न. 71, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसके संबंध में माननीय जिला न्यायाधीश रायपुर के न्यायालय में व्यवहार वाद क्रमांक 110अ/25 तुलेश्वर चंद्राकर विरूद्ध बंटी शर्मा व अन्य मामला विचाराधीन है। वर्तमान राजस्व अभिलेखों में श्रीमती संगीता देवी पति गौरीशंकर गुप्ता, श्रीमती फरजाना खान पति अब्दुल अजीज खान, श्रीमती स्वाती तिवारी पति अजय तिवारी, श्रीमती सादिया लम्बा पति इरफान लम्बा का नाम धोखाधड़ी कर राजस्व अभिलेखों में दर्ज करा लिये है कब्जा मेरे पक्षकार का ही है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति को कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि क्रय विक्रय न करें। यदि उक्त आम सूचना के पश्चात भी कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक फर्म, ट्रस्ट इत्यादि क्रय विक्रय करता है तो उसकी जिम्मेदारी क्रेता की होगी। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा तथा उक्त संव्यवहार अवैध एवं शून्य माना जावे।

सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 20.12.2025

एस.एस. चंदेल (अधिवक्ता)
पता- कृष्णानगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. 94255 19873




| Model | Price Hike | | Consumer Offer | | | Exchange Bonus | | | Old Car Price Reduction | Waiver Processing charges (Finance)* (F) | Total Additional Savings |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Ex Showroom (Highest selling variant) | Expected Price Hike(4%) | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | Dec'25 | Jan'26 | Reduction | | | |
| Alto K10 | 4,77,400 | 20,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 2,600 | 82,600 |
| S-Presso | 4,79,900 | 20,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 90,000 | 2,600 | 1,32,600 |
| Celerio | 6,03,495 | 25,000 | 30,000 | 10,000 | 20,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 85,000 | 2,600 | 1,37,600 |
| WagonR | 5,28,618 | 20,000 | 35,000 | 10,000 | 25,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 50,000 | 2,600 | 1,02,600 |
| New Swift | 6,58,901 | 25,000 | 25,000 | 10,000 | 15,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 60,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Brezza | 9,20,780 | 35,000 | 10,000 | 0 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 1,10,000 | 3,500 | 1,63,500 |
| Ertiga | 9,85,579 | 40,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 90,000 | 3,500 | 1,43,500 |
| Eeco | 5,11,964 | 20,000 | 20,000 | 10,000 | 10,000 | 15,000 | 10,000 | 5,000 | 40,000 | 3,500 | 78,500 |
| New Dzire | 7,17,337 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 10,000 | 0 | 10,000 | 65,000 | 3,500 | 1,08,500 |
| Tour S | 6,87,197.73 | 30,000 | 0 | 0 | 0 | 15,000 | 0 | 15,000 | 50,000 | 3,500 | 98,500 |
| Victoris | 11,80,179 | 50,000 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3,500 | 53,500 |

**खबर संक्षेप**



## प्रदेश में खुशहाली की दुवाओं के साथ अजमेर शरीफ चादर रवाना

**रायपुर।** अमन, मोहब्बत, भाईचारे के संदेश के साथ प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने शनिवार को हिंदुस्तान के प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा गरीब नवाज साहब अजमेर शरीफ़ दरगाह के 814वे उर्स मुबारक के मौक़े पर अक़ीदतों की चादर रवाना कर प्रदेश एवं देश में अमन चैन की कामना की। 26 दिसंबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक एवं उनके प्रतिनिधि मंडल द्वारा अजमेर दरगाह में चादर पेश कर देश व प्रदेश के लिए सुख समृद्धि की दुआएं की जाएगी। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंकज शर्मा ,पीसीसी महामंत्री सकलैन कामदार,पूर्व पार्षद जीतू भारती ,प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष वहीदुद्दीन,समेत अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजन शामिल हुए।

## कांग्रेसियों ने वोरा की जयंती पर किया याद

**रायपुर।** अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता स्व. मोतीलाल वोरा की जयंती कांग्रेस भवन में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेसियों ने उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके योगदान और जनसेवा के कार्यों का स्मरण किया।



शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने कहा, श्री वोरा ने संगठन को मजबूत करने के साथ साथ लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष किया। ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, उनकी सादगी ईमानदारी और समर्पण के प्रतीक थे।

## हाईकोर्ट में रीव्यू पिटीशन दायर नहीं, मेडिकल पीजी सीटों पर जीरो ईयर का खतरा

**रायपुर।** सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी राज्य सरकार द्वारा हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर नहीं किए जाने की वजह राज्य के मेडिकल पीजी सीटों पर जीरो ईयर का खतरा मंडराने लगा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने कहा कि पिछले तीन महीने में चली आ रही स्नातकोत्तर काउंसलिंग में बार-बार प्रकाशित नियमों में बार-बार फेरबदल होने से सरकार और स्नाकोत्तर सीट में भर्ती के इच्छुक मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त छात्रों के बीच सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट बिलासपुर में सुनवाई लगातार जारी है। स्वास्थ्य विभाग ने अखिल भारतीय मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद राज्य सीटों के कोटे में परिवर्तन कर दिया है जिसके कारण छत्तीसगढ़ के सभी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्रों का कोटा घटकर 25 प्रतिशत रह गया था। पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान माननीय कोर्ट ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को हाई कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर करने का आदेश दिया था। जिस पर राज्य सरकार ने देरी कर दी। बिलासपुर हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल न करने की स्थिति में छात्रों को मार्च की सुनवाई का इंतजार करना होगा।

# छत्तीसगढ़ में मिशन अमृत के कार्यों की सराहना, अगली किस्त जल्द मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव शनिवार को भोपाल में आयोजित देश के उत्तर-मध्य राज्यों के शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली और राजस्थान के शहरी विकास मंत्री भी इसमें शामिल हुए। बैठक में पांचों राज्यों में मिशन अमृत, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अंगीकार अभियान तथा अर्बन मोबिलिटी परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित उत्तर-मध्य राज्यों के तृतीय क्षेत्रीय बैठक में पावर-प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य में इन पांचों योजनाओं के क्रियान्वयन, उनकी प्रगति और भावी कार्ययोजना की जानकारी दी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने केन्द्र सरकार की योजनाओं की प्रगति की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। बैठक में मिशन अमृत 2.0 के कार्यों की समीक्षा के दौरान बताया गया कि छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर है। मिशन के शेष कार्यों को मार्च-2026 तक प्रारंभ करने के लिए बैठक में सार्थक चर्चा हुई।

### डिप्टी सीएम साव शहरी विकास मंत्रियों की बैठक में हुए शामिल

**निर्माण प्रगति की समीक्षा**

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत आकांक्षी शौचालयों, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ), कम्पोस्ट प्लांट्स, कंप्रेस्ड बायो-गैस प्लांट प्रोजेक्ट्स और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत आवासों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा भी की गई। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत नए आवासों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तथा अब तक स्वीकृत आवासों के निर्माण की समीक्षा हुई।




**केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में मदद का आश्वासन**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बैठक के बाद कहा, भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन अच्छा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत एसएनए पद्धति से हितग्राहियों एवं निकायों को राशि जारी करने में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने छत्तीसगढ़ की प्रशंसा की तथा सभी केन्द्रीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य को हरसंभव मदद का आश्वासन भी दिया।

## भाजपा आईटी सेल के फर्जी पोस्ट व चरित्र हनन के खिलाफ कांग्रेस ने घेरा एसपी कार्यालय



**रायपुर।** भाजपा द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पार्टी एवं उसके वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ झूठे भ्रामक एवं अपमानजनक प्रचार के विरोध में शनिवार को शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन एवं राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एसपी कार्यालय के सामने तीन घंटे तक धरने पर बैठे रहे। धरना के बाद एएसपी और अन्य अफसरों ने उनकी मांगों को सुना कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा आईटी सेल द्वारा लगातार कांग्रेस नेताओं की छवि खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इस गंभीर विषय पर पुलिस अधीक्षक से मिलने के लिए बार-बार समय मांगा गया, लेकिन पुलिस अधीक्षक द्वारा मिलने का समय नहीं दिया गया। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ता इससे मजबूरन एसपी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। धरने के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की आवाज को दबाने और झूठे प्रचार के जरिए राजनीतिक लाभ लेने की भाजपा की नीति अत्यंत निंदनीय है।

### नगर निगम जोन 10 टीम ने चलाया अभियान

# बकाया कर भुगतान में कोताही 3 व्यावसायिक परिसर सील, 2 ने मांगी मोहलत, 1 ने मौके पर दिया चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



नगर निगम का राजस्व अमला बड़े बकायादारों से बकाया कर भुगतान को लेकर अभियान चला रहा है। इसमें डिमांड बिल और अंतिम सूचना के बाद भी बकाया कर राशि भुगतान नहीं करने वाले दुकानदारों पर कड़ाई बरतते हुए उनके व्यासायिक परिसर को सीलबंद करने की कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को जोन 10 की टीम ने बड़े बकायादारों पर बकाया राजस्व वसूली अभियान चलाते हुए 3 व्यावसायिक परिसर को सीलबंद किया। दा दुकानदारों ने बकाया टैक्स भुगतान के लिए 2 दिन की मोहलत मांगी, जबकि सीलबंदी के दौरान बकायादार अशरफ खान द्वारा 4,41,012 रुपए की बकाया राशि का चेक दिया गया।

निगम आयुक्त विश्वदीप की ओर से राजस्व विभाग को इस बार 475 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली का टारगेट दिया गया है। इसमें से महकमे ने 100 करोड़ से ज्यादा की राजस्व वसूली कर ली है। बाकी के बकाया राशि वसूलने बड़े बकायादारों पर फोकस करते हुए नगर निगम के दस जोनों में अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर जोन 10 के चार वार्डो के बड़े बकायादारों से 50,72,839 रुपए की बकाया वसूली करने टीम निकली। छह व्यावसायिक परिसरों में जोन के सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू, राजस्व निरीक्षक नरेंद्र सोनी और राजस्व निरीक्षकों की टीम पहुंची। इस दौरान रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड के बकायादार रइस खान पिता आरिफ खान, ललित पटवा और लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड के बकायादार राकेश गुप्ता को डिमांड बिल,डिमांड नोटिस और अंतिम नोटिस जारी करने के बाद भी बकाया कर भुगतान नहीं करने पर उनके व्यवसायिक परिसर को सीलबंद किया गया। वहीं बाबूजगजीवन राम वार्ड के बड़े बकायादार अशरफ खान द्वारा 4,41,012 की बकाया राशि का चेक मौके पर निगम की टीम को दिया गया।

**नेताजी हॉटल सीलिंग कार्रवाई**

नगर निगम जोन 4 के पंडित भगवती चरण शुक्ल वार्ड स्थित बड़े बकायादार नेताजी होटल का वर्ष 2019- 20 से 2025- 26 तक 7,65,000 रुपए का बकाया होने और बकाया राशि अदा नहीं किये जाने पर सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू की उपस्थिति में स्थल पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। सीलिंग कार्रवाई करते ही तत्काल 2 लाख रुपए बकाया राशि का धनादेश बकायादार द्वारा दिए जाने और 10 जनवरी तक पूर्ण बकाया भुगतान किए जाने का लिखित आश्वासन दिए जाने पर स्थल पर सीलिंग की कार्रवाई रोकी गई।

### यूनियन क्लब पर सीलिंग की कार्रवाई 3 लाख का चेक देने पर खोली सीलिंग



**रायपुर।** नगर निगम जोन 4 के मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड स्थित यूनियन क्लब भवन स्वामी पर वर्ष 2017-18 से 2025- 26 तक 14,86,739 रुपए का बकाया कर वसूलने निगम की टीम शनिवार को स्पॉट पर पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की। इस दौरान राजस्व विभाग के अध्यक्ष अवतार सिंह बागल की उपस्थिति में संबंधित भवन स्वामी द्वारा 3 लाख रुपए का धनादेश दिए जाने पर सीलिंग खोली गई। संबंधित बकायादार यूनियन क्लब के अध्यक्ष गुरुचरण सिंह होरा का कहना है कि यूनियन क्लब में किसी तरह की व्यावसायिक गतिविधि नहीं होती, इसलिए नियमानुसार टैक्स लगाया जाए, जिसका वे इसी चालू माह में पूरा भुगतान कर देंगे।

## कांग्रेस को महात्मा गांधी नहीं, सोनिया-राहुल गांधी की चिंता : संतोष पांडेय

**रायपुर।** मनरेगा और नेशनल हेराल्ड मामले पर कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा के मुख्य प्रवक्ता और सांसद संतोष पांडेय ने कहा, कांग्रेसियों को न तो महात्मा गांधी के आदर्शों की चिंता है और न ही मजदूरों के हितों की। कांग्रेस अगर महात्मा गांधी की मंशा के अनुरूप काम करती तो पहले ही देश में ग्रामीण स्तर की अर्थव्यवस्था मजबूत हो जाती।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गांव-शहर में रामराज्य स्थापित करने में लगी है। महात्मा गांधी ने भी रामराज्य की परिकल्पना की थी, परन्तु दुर्भाग्य है कि कांग्रेस रामराज्य की जगह परिवारराज की चिंता में है। कांग्रेस ने महात्मा गांधी का नाम केवल सत्ता के लिए इस्तेमाल किया है। इनकी पूरी चिंता केवल एक परिवार यानी सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक ही सीमित है। श्री पांडेय ने कहा, कांग्रेस नेता मजदूरों को रोजगार देने वाली योजना के नाम पर केवल राजनीतिक विलाप कर रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विकसित भारत' के विजन के साथ काम कर रहे हैं। मनरेगा को खत्म करने की बात झूठ है, जबकि वास्तविकता यह है कि केंद्र सरकार ने न्यूनतम गारंटीकृत रोजगार के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी है। इस फैसले से मजदूरों को अब काम के अधिक अवसर मिलेंगे।

# हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने वरिष्ठ अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला अधिवक्ता संघ रायपुर द्वारा जिला न्यायालय परिसर में शुक्रवार को लॉ डिनर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम जिला न्यायालय परिसर में हुआ, जहां छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने जिला न्यायालय रायपुर में 35 वर्ष से अधिक समय तक सेवाएं देने वाले 30 वरिष्ठ अधिवक्ताओं एवं ग्रीष्मकालीन विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता अधिवक्ताओं को सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश श्री सिन्हा ने अधिवक्ताओं की लोक अदालतों में लंबित मामलों के निपटारे में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने रायपुर अधिवक्ता संघ द्वारा अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए बड़े अस्पतालों के साथ एमओयू कर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने के प्रयासों को प्रशंसनीय बताया। न्यायिक बुनियादी ढांचे पर अपने उद्गार में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि प्रदेशभर के न्यायालय भवनों के निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है और राजधानी रायपुर के जिला न्यायालय में सभी आधुनिक सुविधाओं का निर्माण कराया जाएगा।



**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम का संचालन जिला अधिवक्ता संघ के सचिव अरुण मिश्रा ने और आभार प्रदर्शन जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष किशोर ताम्रकार ने किया। कार्यक्रम में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता हितेंद्र तिवारी, सचिव अरुण कुमार मिश्रा, महिला उपाध्यक्ष ऋतु बुंदेल, श्रीकांत मिश्रा, अपूर्व कुमार सेन, गायत्री साहू, भंजन कुमार जांगड़े, परस राम कश्यप, सावित्री नायक, सागर पाण्डेय, अजय कुमार बलानी, अंकित फुलझेले, नवरतन प्रसाद यादव, शिवशंकर महिलांग, राजीव द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

**वकीलों की बैठक व्यवस्था और पार्किंग समस्या दूर करने की मांग**

स्वागत भाषण में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने संघ के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए मुख्य न्यायाधीश के सान्निध्य को सम्मान का क्षण बताया। अध्यक्ष श्री तिवारी ने अपने संबोधन में रायपुर बार में लगभग चार हजार पंजीकृत अधिवक्ताओं के लिए बैठक व्यवस्था एवं पार्किंग की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए इसके समाधान की आशा जताई। कार्यक्रम का समापन लॉ डिनर एवं संगीतमय संध्या के साथ हुआ, जहां अधिवक्ताओं ने उत्साह के साथ भाग लेकर एक-दूसरे को बधाई दी।

## आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव छत्तीसगढ़ आएंगे

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव रविवार को आगामी तीन दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। इस दौरान वे प्रदेश संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करेंगे एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने कहा कि दोनों नेताओं का यह महत्वपूर्ण दौरा है। इस दौरान वे केनाल रोड स्थित पार्टी के नए कार्यालय का उद्घाटन करेंगे व छत्तीसगढ़ के हित में जमीनी लड़ाई लड़ने वाले सामाजिक संगठन के महत्वपूर्ण लोगो से मिलेंगे व हाल ही में पार्टी का संगठन विस्तार हुआ है जिसमें नए पदाधिकारियों की नियुक्तियां हुई है उन सभी पदाधिकारी को दोनों नेता पार्टी संगठन और कार्य के लिए दिशा निर्देश देंगे।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# प्रशिक्षण में टीटीई को मिले सेवाभाव के मंत्र, यात्रियों की संतुष्टि ही सेवा का ध्येय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ओर से यात्रियों से सीधे संपर्क में रहने वाले फ्रंटलाइन स्टाफ के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय प्रबंधन संस्थान में आयोजित किया गया है। पहली बार तीनों मंडल के टीटीई को कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्या और समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा के जरिए प्रशिक्षण दिया गया। रेलवे के टिकट जांच स्टाफ के लिए ग्राहक सेवा एवं सॉफ्ट स्किल्स पर प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने रेल कर्मियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने प्रशिक्षण लेने आए रेल कर्मियों का रेल प्रबंधन एवं रेल परिचालन विषय पर सेशन भी लिया। उन्होंने कहा, इस प्रशिक्षण को अपने आत्मसात करने, अपने व्यवहार से यात्रियों की संतुष्टि ही मुख्य ध्येय आपकी रेल सेवा का होना चाहिए।

**45 टिकट चेकिंग कर्मचारी ले रहे हैं प्रशिक्षण**

इस प्रशिक्षण में बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों के कुल 45 टिकट चेकिंग कर्मचारी प्रशिक्षण ले रहे हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे और आईआईएम, रायपुर के बीच यह सहयोग न केवल दोनों संस्थानों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समाज के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे यात्रियों के साथ व्यवहार और सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होने की अपेक्षा है। प्रवीण पाण्डेय, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, के निर्देशन में आयोजित इस सेमिनार से जनता से नियमित रूप से संवाद करने वाले रेलवे स्टाफ अधिकारियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करने से भारतीय रेल की छवि एवं सेवा मानकों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

